CMYK

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति

RNI Regn. No.7789/1964 | वर्ष-61 > अंक - 310 | रायपुर | सोमवार 10 नवंबर 2025 विक्रम संवत 2082 | पृष्ठ 8 > मूल्य : 2 रू. | डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25



केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 10 नवंबर को ओडिशा दौरे पर



रेलवे का सख्त निर्णय : चलती ट्रेन से कचरा फेंक रहा था रेल कर्मी, यात्री ने बना लिया वीडियो तो नौकरी से बर्खास्त

### बिहार के सासाराम में गृह मंत्री अमित शाह ने किया वादा :

# 5 साल में बिहार को विकसित राज्य बनाएंगे

नईदिल्ली,एजेंसी

सासाराम में रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सासाराम विधानसभा क्षेत्र के फज़लगंज स्टेडियम में NDA प्रत्याशी स्नेह लता, चेनारी के प्रत्याशी मुरारी प्रसाद गौतम सहित गठबंधन के सभी उम्मीदवारों के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान अमित शाह ने अपने संबोधन में जनता से अपील की कि वे NDA गठबंधन के प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाएं।

उन्होंने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री पद के लिए नीतीश कुमार और केंद्र में प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ही जनता की पहली पसंद हैं। बिहार या केंद्र में किसी पद की कोई वैकेंसी नहीं है, इसलिए जनता भ्रम में न पड़े। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास न नेता है, न नीति और न ही नीयत – सिर्फसत्ता पाने की लालसा है। केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को गिनाया केंद्रीय गृह मंत्री ने अपने भाषण में केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में सड़क, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। शाह ने दावा किया कि एनडीए की सरकार आने पर यह विकास और तेजी से आगे बढ़ेगा।





## दूसरे चरण का प्रचार खत्म, 11 नवंबर को 122 सीटों पर दिग्गजों की अग्निपरीक्षा

पहले चरण के लिए 6 नवंबर को वोटिंग हुई थी, जिसमें रिकॉर्ड 65 फीसदी मतदान हुआ था। दूसरे चरण के लिए वोटिंग 11 नवंबर को होगी, जिसमें 1302 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद होगी और 14 नवंबर को चुनावी परिणाम सामने आएगा।

**मैदान में उतरे दिग्गज –** दूसरे चरण की वोटिंग में कई बड़े राजनीतिक दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर है, जिससे मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है। महागठबंधन के सीएम पद के उम्मीदवार और राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव इस चरण में चुनाव लड़ रहे हैं। NDA के प्रमुख चेहरे उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मैदान में हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल के 16 मंत्री (जिनमें उप-मुख्यमंत्री भी शामिल हैं) इस चरण में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

**'ऐसे लोगों को वोट न दें जिन्होंने बिहार को पिछे धकेला'** – अमित शाह ने विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि ÷महागठबंधन की सरकार आई तो बिहार फिर से अराजकता और भ्रष्टाचार के दौर में चला जाएगा।÷ उन्होंने जनता से अपील की कि वो ऐसे लोगों को वोट न दें जिन्होंने बिहार को पिछे धकेला।

**'नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही बिहार का भविष्य सुरक्षित'**

सभा में मंच पर एनडीए के कई वरिष्ठ नेता और स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद रहे। शाह के भाषण के दौरान लोगों में उत्साह देखने को मिला, नारेबाजी और तालियों की गूंज से पूरा मैदान गूंज उठा। गृह मंत्री ने अपने संबोधन का समापन यह कहते हुए किया कि ÷नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही बिहार का भविष्य सुरक्षित है।

### पीएनबी घोटाला : मेहुल चौकसी की 46 करोड़ की संपत्ति होंगी नीलाम, मुंबई के PMLA कोर्ट ने दी मंजूरी

**एजेंसी।** मुंबई के पीएमएलए कोर्ट ने मेहुल चोकसी की गीतांजलि जेम्स की कई संपत्तियों की नीलामी को मंजूरी दे दी है। मुंबई की अदालत ने मेहुल चोकसी की 46 करोड़ रुपये की संपत्ति और चांदी की ईंटों की नीलामी की अनुमति दी है। पंजाब नेशनल बैंक से जुड़े घोटाले के मामले में मेहुल चौकसी की संपत्तियां नीलाम की जाएंगी। मुंबई के पीएमएलए कोर्ट ने मेहुल चोकसी की गीतांजलि जेम्स की कई संपत्तियों की नीलामी को मंजूरी दे दी है। मुंबई की अदालत ने मेहुल चोकसी की लगभग 46 करोड़ रुपये की संपत्ति और चांदी की ईंटों की नीलामी की अनुमति दी है। मुंबई की एक विशेष अदालत ने 23,000 करोड़ रुपये के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) धोखाधड़ी मामले की केंद्र में रही कंपनी गीतांजलि जेम्स लिमिटेड को भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी से जुड़ी 13 असुरक्षित संपत्तियों का मूल्यांकन और नीलामी करने की अनुमति दे दी है।

## देश में आतंकी हमला टला, गुजरात ISIS से जुड़े आतंकी गिरफ्तार




गांधीनगर,एजेंसी

गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड ने देश में आतंकी हमले की साजिश को नाकाम कर दिया है। एटीएस ने गांधीनगर के अडालज इलाके से तीन संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है, जिनका संबंध आतंकी संगठन ISIS से बताया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, ये आरोपी देश के विभिन्न हिस्सों में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की तैयारी में थे।

एटीएस को कुछ दिनों पहले खुफिया एजेंसियों से इनपुट मिला था कि कुछ लोग गुजरात में आतंक फैलाने की साजिश रच रहे हैं। जानकारी के आधार पर, एटीएस ने एक विशेष अभियान चलाया और संदिग्धों को उनके ठिकानों से गिरफ्तार किया। जांच के दौरान उनके पास से लैपटॉप, मोबाइल फोन, और कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए हैं। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि आरोपी सोशल मीडिया के ज़रिए विदेशी हैंडलर्स से संपर्क में थे और युवाओं को कट्टरपंथ की ओर प्रेरित करने की कोशिश कर रहे थे। गुजरात एटीएस अब इनसे पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इनके नेटवर्क में और कौन लोग शामिल हैं और देश में उनके निशाने पर कौन-कौन से इलाके थे।

एटीएस अधिकारियों का कहना है कि गिरफ्तार आतंकियों के खिलाफ UAPA और भारतीय दंड संहिता (IPC) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### जम्मू-कश्मीर पुलिस विभाग में ही छिपे थे गद्दार, आतंकियों से लिंक के आरोप में 2 SPO बर्खास्त,

जम्मू एजेंसी।

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में आतंकवादियों से संबंधों के आरोप में दो विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। वहीं, सोपोर में लगातार दूसरे दिन ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) और आतंकी सहयोगियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया गया। कठुआ की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मोहिता शर्मा ने तत्काल प्रभाव से दोनों को सेवा से बर्खास्त करने का आदेश जारी किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, ये एसपीओ स्थानीय स्तर पर आतंकियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट प्रदान कर रहे थे, जिससे सुरक्षा बलों की गोपनीय योजनाएं खतरे में पड़ रही थीं। दूसरी ओर, उत्तर कश्मीर के सोपोर इलाके में आतंकी समर्थक नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए पुलिस ने लगातार दूसरे दिन व्यापक अभियान चलाया।

सोपोर पुलिस ने विश्वसनीय खुफिया सूचनाओं के आधार पर जम्मू-कश्मीर नेशनल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ पीपल (जेकेएनओपी), अन्य आतंकवादी संचालकों और उनके सहयोगियों से जुड़े 30 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की।

## NDA सरकार बनी तो किसानों को मिलेंगे 9 हजार' : मोतिहारी में जेपी नड्डा

एजेंसी

जेपी नड्डा ने मंच से लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार बिहार की जनता ने मन बना लिया है कि राज्य में फिर से एनडीए की डबल इंजन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है।

**'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की राशि 9 हजार रुपए कर दी जाएगी'** उन्होंने कहा, ÷अगर गोविंदगंज से राजू तिवारी और कल्याणपुर से सचिन्द्र प्रसाद सिंह को आप भारी मतों से विजयी बनाते हैं, तो किसानों को मिलने वाली प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की राशि 6 हजार रुपये से बढ़ाकर 9 हजार रुपए कर दी जाएगी।÷ उन्होंने आगे कहा कि सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। जिन महिलाओं को अभी 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता मिली है, उन्हें आगे चलकर 2 लाख रुपए तक की पूंजी व्यवसाय बढ़ाने के लिए उपलब्ध कराई जाएगी।




**'डबल इंजन की सरकार ने बिहार को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया'**

जेपी नड्डा ने एनडीए सरकार के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार ने बिहार को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। उन्होंने बताया कि ÷हाजीपुर-सुगौली रेल मार्ग का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, वहीं गोरखपुर, सिलीगुड़ी और रक्सौल से हल्दिया (पश्चिम बंगाल) तक एक विशाल एक्सप्रेसवे बनाया जा रहा है, जो अगले दो से तीन वर्षों में पूरा हो जाएगा।÷ **'जनता के विकास के लिए निरंतर समर्पित'** – उन्होंने कहा कि बिहार में बापूधाम और रक्सौल रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय आधुनिक रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित करने की दिशा में भी कार्य जारी है। नड्डा ने कहा कि यह सब संभव हुआ है क्योंकि बिहार में केंद्र और राज्य दोनों जगह एनडीए की सरकार है, जो जनता के विकास के लिए निरंतर समर्पित है। सभा के अंत में उन्होंने जनता से अपील की कि 11 नवंबर को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें और एनडीए के उम्मीदवारों को विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि जनता का एक-एक वोट बिहार के भविष्य को मजबूत करेगा और राज्य को विकास की नई दिशा देगा।




### वायु प्रदूषण के खिलाफ इंडिया गेट पर उमड़े लोग, पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण के खिलाफ रविवार को अभिभावकों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में लोगों ने इंडिया गेट पर प्रदर्शन किया। इस दौरान दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। **महिलाएं और बच्चे भी प्रदर्शन में शामिल** इंडिया गेट पर प्रदर्शन करनेवालों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि वे स्वच्छ वायु सुनिश्चित करने के लिए सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग करने के लिए एकत्र हुए हैं।

## हमारा लक्ष्य भारत को दुनिया का सबसे सस्टेनेबल इंटेलिजेंस हब बनाना है : गौतम अदाणी

अहमदाबाद एजेंसी।

अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इस शताब्दी को परिभाषित करेंगे और हमारा लक्ष्य भारत को दुनिया का सबसे अधिक सस्टेनेबल इंटेलिजेंस हब बनाना है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म %एक्स% पर गौतम अदाणी ने कहा,हमारा राष्ट क्लीन एनर्जी और एआई के इंटरसेक्शन पर खड़ा है, ये दोनों शक्तियां इस शताब्दी को परिभाषित करेंगी। अरबपति कारोबारी ने कहा, विशाखापट्टनम में अदाणी-गूगल साझेदारी भारत के नेतृत्व वाले एनर्जी-एफिशिएंट एआई फ्यूचर को आकार देने में मदद कर सकती है। हमारा लक्ष्य भारत को दुनिया का सबसे अधिक सस्टेनेबल इंटेलिजेंस हब बनाना है। गौतम अदाणी ने पिछले महीने कहा था कि उन्हें आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में भारत का सबसे बड़ा एआई डेटा सेंटर बनाने के लिए गूगल के साथ साझेदारी करने पर गर्व है। बीते महीने अदाणी समूह की कंपनी अदाणीकॉनेक्स और गूगल ने भारत में सबसे बड़ा एआई डेटा सेंटर बनाने के लिए साझेदारी का ऐलान किया था। यह डेटा सेंटर आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में बनाया जाएगा।



इसमें करीब अगले पांच वर्षों में 15 अरब डॉलर का निवेश होगा। कंपनी की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया कि विशाखापत्तनम में गूगल का एआई हब पांच वर्षों (2026-30) में लगभग 15 अरब डॉलर का एक बहुआयामी निवेश है, जिसमें गीगावाट-स्तरीय डेटा सेंटर ऑपरेशंस, एक मजबूत सब-सी केबल नेटवर्क और स्वच्छ ऊर्जा द्वारा समर्थित देश में सबसे अधिक मांग वाले एआई वर्कलोड को संचालन करना शामिल है।

**देश** | बिहार को फिर जंगलराज में मत जाने देना; बोले योगी आदित्यनाथ

## जो अपराध करेगा, उसका टिकट यमलोक तक पक्का है : योगी आदित्यनाथ

**एजेंसी।** बिहार चुनाव प्रचार के आखिरी दिन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भीमपुर में एनएच 27 किनारे हाई स्कूल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने शुरुआत से ही तेज हमला बोलते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराधी अब बुल्डोजर से डरते हैं, इसलिए आज बेटियां और व्यापारी बेखौफ जिंदगी जी रहे हैं। उन्होंने चेतावनी भरे अंदाज में कहा कि जो अपराध करेगा, उसका टिकट यमलोक तक पक्का है।

योगी ने राजद शासनकाल को याद दिलाते हुए कहा कि उस दौर में 30 हजार से ज्यादा अपहरण के मामले हुए थे। न इंजीनियर सुरक्षित थे, न डॉक्टर, न ही मासूम बच्चे और बेटियां। योगी का आरोप लगाते हुए कहा, ÷बिहार को जानबूझकर जंगलराज में धकेला गया।÷



मोदी सरकार की योजनाओं से बदला गरीब का जीवनः योगी आदित्यनाथ

सीएम योगी ने केंद्र सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गरीबों और वंचितों के जीवन में बड़ा परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा, ÷80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, 50 करोड़ लोगों को आयुष्मान से मुफ्त इलाज, 4 करोड़ गरीब परिवारों को पक्का आवास, 10 करोड़ परिवारों को उज्ज्वला गैस कनेक्शन, हर घर नल से पानी की सुविधा दी गई है।÷योगी बोले कि भ्रष्टाचार मुक्त सिस्टम में पैसा सीधे लाभार्थियों के खाते में पहुंच रहा है। इसका नतीजा है कि बिहार अब विकास की पटरी पर आगे बढ़ रहा है। भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनता से अपील करते हुए योगी ने कहा कि यदि बिहार को समृद्ध और सुरक्षित बनाना है, तो एनडीए को भारी मतदान देकर फिर से सुशासन की सरकार लानी होगी।

# फिलीपींस में एक साल की राष्ट्रीय आपदा घोषित, सरकार अलर्ट

एजेंसी

**मनील** फिलिपींस में कलमेगी तूफान ने भारी तबाही मचाई। लाखों की संख्या में इसने वहां के लोगों को प्रभावित किया। इस बीच फिलिपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड रोमुअलडेज मार्कोस ने कलमेगी से हुई तबाही के बाद बचाव, राहत और पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने के लिए एक साल के लिए राष्ट्रीय आपदा की घोषणा की।





न्यूज एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार मार्कोस ने 5 नवंबर को घोषणा संख्या 1077 पर हस्ताक्षर किए, जिसे शनिवार को सार्वजनिक किया गया। इस घोषणा से फिलिपींस की राष्ट्रीय और स्थानीय सरकारों को आपातकालीन और पुनर्वास कार्यक्रमों के लिए उपयुक्त धनराशि का उपयोग करने और विस्थापित निवासियों को बुनियादी सेवाएं प्रदान करने की अनुमति मिल गई है। राष्ट्रपति की तरफ से जारी इस घोषणा में कहा गया कि जब तक कि राष्ट्रपति इसे पहले ही ना हटा दें, यह आपदा की स्थिति एक साल तक प्रभावी रहेगी। इसके तहत इसमें बुनियादी वस्तुओं और प्रमुख वस्तुओं पर मूल्य सीमा लागू करने, बुरी तरह प्रभावित क्षेत्रों को बिना ब्याज वाले लोन देने, और आवश्यक वस्तुओं, दवाओं और ईंधन की अधिक कीमत, मुनाफाखोरी और जमाखोरी को रोकने जैसे उपायों को तुरंत लागू करने का ऐलान किया गया है।

इसके अलावा, सरकारी एजेंसियों को प्रभावित क्षेत्रों में सामान्य स्थिति बहाल करने और जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए आपदा के बाद के पुनर्वास उपाय करने का भी आदेश दिया गया। फिलीपींस के सशस्त्र बलों द्वारा समर्थित कानून प्रवर्तन यूनिट को भी प्रभावित क्षेत्रों में शांति और व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश मिला है। नागरिक सुरक्षा कार्यालय (ओसीडी) की ओर से रविवार को दी गई जानकारी के अनुसार इस साल फिलीपींस में आए 20वें उष्णकटिबंधीय चक्रवात, कालमेगी ने भयंकर तबाही मचाई। इस तूफान ने मध्य और दक्षिणी फिलीपींस के बड़े हिस्से को प्रभावित किया, जिसमें बाढ़ और भूस्खलन की वजह से 224 लोगों की मौत हो गई। ओसीडी की रिपोर्ट के अनुसार, कलमेगी की चपेट में आने के बाद 100 से ज्यादा लोग लापता और 526 घायल हुए हैं। दूसरी ओर, राहत कार्य जारी रहने के साथ ही, फिलीपींस में आने वाले महातूफान फंग-वोंग को लेकर भी तैयारी की जा रही है। राज्य मौसम ब्यूरो के अनुसार, यह तूफान तेजी से बढ़ रहा है और रविवार रात या सोमवार सुबह तक तट पर पहुंचने की उम्मीद है।

### पाकिस्तान : संवैधानिक संशोधन के बाद जनरल आसिम मुनीर बने कमांडर ऑफडिफेंस फोर्सेज

एजेंसी

इस्लामाबाद. पाकिस्तान की संसद ने देश के संविधान में एक अहम संशोधन को मंजूरी दी है, जिसके तहत सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को कमांडर ऑफ डिफेंस फोर्सेज घोषित किया गया है. यह संशोधन देश की सुरक्षा संरचना और सेना की भूमिका को लेकर बड़े बदलाव का संकेत माना जा रहा है.

नए संशोधन के अनुसार, अब सेना प्रमुख के पास तीनों सेनाओं, थल, जल और वायु से संबंधित सामरिक निर्णयों पर अंतिम अधिकार होगा. पहले यह अधिकार औपचारिक रूप से प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आता था. विश्लेषकों का कहना है कि यह कदम सेना की ताकत को और संस्थागत रूप से मजबूत करता है.



**जनरल आसिम मुनीर की भूमिका और बढ़ी**

जनरल आसिम मुनीर वर्तमान में पाकिस्तान के आर्मी चीफ हैं और 2022 में जनरल कमर जावेद बाजवा के बाद उन्होंने यह पद संभाला था. नए संशोधन के बाद अब उनकी भूमिका केवल सैन्य मामलों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि वह रक्षा नीतियों, रणनीतिक साझेदारी और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के निर्णयों में भी प्रमुख भूमिका निभाएंगे.

# उद्योग मंत्री ने दी 04 करोड़ 92 लाख रू. के विकास कार्यो की सौगात

### विभिन्न वार्डो में होगे सड़क, नाली, कलवर्ट आदि के निर्माण कार्य, तो वहीं वरिष्ठजनों को मिला उनका अपना सियान सदन

**कोरबा ।** प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत विभिन्न वार्डो को 04 करोड़ 92 लाख रूपये के विकास कार्यो की सौगात प्रदान की। इस सौगात से निगम के विकास कार्यो को गति मिली है, जिसके तहत सड़क, नाली, कलवर्ट आदि के निर्माण कार्य विभिन्न वार्डो में किए जाएंगे, तो वहीं दूसरी ओर वार्ड क्र. 13 में वरिष्ठजनों को उनका अपना सियान सदन भी प्राप्त हुआ है।

उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत न्यू अमरैयापारा एवं कोसाबाड़ी जोनांतर्गत सिंगापुर में 04 करोड़ 82 लाख रूपये की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में किया, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के द्वारा की गई, जबकि कार्यक्रम में सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री गोपाल मोदी, वरिष्ठ पार्षद श्री नरेन्द्र देवांगन सहित मेयर इन काउंसिल के सदस्यों, पार्षदों व जनप्रतिनिधियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की, वहीं उद्योग मंत्री श्री देवांगन द्वारा वार्ड क्र. 13 नमो गार्डन के पास शारदा विहार में 10 लाख रूपये की लागत से



नवनिर्मित सियान सदन का लोकार्पण भी किया गया।

जनता का आशीर्वाद मेरी सबसे बड़ी पूंजी - इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री श्री लखनलाल देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि जनताजनार्दन का आशीर्वाद, प्यार व स्नेह मेरी सबसे बड़ी पूंजी है, मैं आभारी हूॅं कि कोरबा की जनता ने मुझे सदैव अपना प्यार, स्नेह व आशीर्वाद दिया है, उन्होने कहा कि जहॉं तक कोरबा के विकास का प्रश्न है, तो देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के आशीर्वाद तथा उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरूण साव के सहयोग से कोरबा का तेजी से विकास हो रहा है, यहॉं पर बरसों से व्याप्त समस्याएं दूर हो रही हैं, जिसके साक्षी हम सब हैं। उन्होने कहा कि विगत डेढ़ वर्षो के कार्यकाल में कोरबा नगर निगम क्षेत्र में 700 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। विकास कार्यो हेतु जब भी जितनी राशि की मांग की जाती है, मुख्यमंत्री श्री साय के द्वारा तत्काल स्वीकृत प्रदान की जाती है, उन्होने कहा कि कोरबा नगर निगम के सभी 67 वार्डो में समान रूप से विकास कार्य हो रहे हैं, आगे भी लगातार होंगे, यह मैं विश्वास दिलाता हूॅं। उद्योग मंत्री के मार्गदर्शन में विकास को लगातार मिल रही गति - इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के निरंतर मार्गदर्शन में नगर निगम कोरबा क्षेत्र में विकास को लगातार गति दी जा रही है तथा तेजी से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन तथा मैं स्वयं स्लम व ग्राम्य बस्तियों के रहने वाले हैं, अतः हम दोनों वहॉं की समस्याओं से भलीभांति परिचित हैं तथा इन समस्याओं के निराकरण व शहर के सर्वागीण विकास के लिए पूर्ण रूप से संकल्पित हैं। महापौर श्रीमती राजपूत ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने हम पर जो भरोसा जताया है वह सदैव कायम रहेगा, यह मैं विश्वास दिलाती हूॅं। पूरे छत्तीसगढ़ में बह रही विकास की बयार- इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री गोपाल मोदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोरबा निगम व कोरबा जिले के साथ-साथ समूचे छत्तीसगढ़ में विकास की बयार बह रही है, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश का सभी दिशाओं में तेजी से विकास हो रहा है। उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ ने अन्य क्षेत्रों में विकास के साथ-साथ तेजी से उद्योगों की स्थापना हो रहा है, निवेश बढ़ रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप रोजगार में भी वृद्धि हो रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन व उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के दिशा निर्देशन में प्रदेश में औद्योगिक विकास के क्षेत्र में क्रांति का आगमन हो रहा है। इन विकास कार्यो का हुआ भूमिपूजन - नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 14 न्यू रेलवे कालोनी शिव मंदिर के पास धनंजय कुर्रे घर तक 10 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड व नाली का निर्माण, वार्ड क्र. 14 में ही टीकम राठौर के घर से सुरजीत सिंह खत्री के घर तक 12 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड नाली निर्माण, वार्ड क्र. 14 अमरैयापारा हरियाणा गली में 10 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड व नाली निर्माण, वार्ड क्र. 14 में ही अमरैयापारा अंतर्गत पावर टावर के पास 88 लाख रूपये की लागत से नाला व सी.सी. सड़क निर्माण, वार्ड क्र. 14 मुड़ापार बायपास मार्ग में रायल इनफिल्ड शोरूम से पेट्रोल पम्प तक 26 लाख रूपये की लागत से सी.सी. सड़क का निर्माण तथा वार्ड क्र. 14 में ही मुड़ापार तालाब के पास नाला से तालाब तक 28 लाख रूपये की लागत से कलवर्ट का निर्माण कार्य कराया जाएगा।

# अमित बघेल की गिरफ्तारी के लिए अग्रवाल और सिंधी समाज ने प्रशासन को 72 घंटे का दिया अल्टीमेटम

**रायपुर।** महापुरुषों के प्रति अपमानजनक टिप्पणी मामले में छत्तीसढ़िया क्रांति सेना और जोहार पार्टी के नेता अमित बघेल के खिलाफ एफआईआर के बाद गिरफ़्तारी की मांग तेज हो गई है. अग्रवाल समाज और सिंधी समाज के वक्ताओं ने महाधरना आंदोलन के दौरान अमित बघेल के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग को लेकर 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया है. वहीं पुलिस ने भी अमित बघेल की गिरफ्तारी की कवायद तेज कर दी है. खबर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की भी है. जानकारी के मुताबिक, गुरुवार को चक्काजाम आंदोलन के बाद पुलिस ने सुंदरनगर में सर्व छत्तीसढ़िया समाज की बैठक पर नजर रखी लेकिन वहां अमित बघेल नजर नहीं आए. शुक्रवार को भी एक बैठक के आयोजन की खबर पुलिस को लगी लेकिन वहां भी कोई जानकारी नहीं मिली. अमित बघेल की गिरफ्तारी को लेकर एसीएसीयू क्राइम ब्रांच की टीम भी छापेमारी की खबर है. इधर गुरुवार को बैठक में अमित बघेल के खिलाफ एफआईआर के विरोध, केस वापस लेने के लिए मुख्यमंत्री से मुलाकात और सामाजिक सौहार्द्र के लिए कृतसंकल्प होने से संबंधित तीन सूत्रीय प्रस्ताव पारित करने वाले सर्व छत्तीसढ़िया समाज के बैनर तले शुक्रवार को भी बैठक हुई. प्रदेश स्तरीय महारैली का आयोजन करने पर विचार की चर्चा है. फिलहाल इसे लेकर तारीख तय नहीं हो सकी है.

# आरएसएस विभाग में अघोषित ठेकेदार बन दर्जनों पंचायतों में कर रहे निर्माण कार्य

### ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग,जो कि गांवों के आधारभूत ढांचे के निर्माण में रीढ़ की हड्डी मानी जाती है, आज खुद भ्रष्टाचार की शिकार हो चुकी है

### शासकीय भवन अहाता निर्माण,नाली,पुल-पुलिया,सीसी रोड निर्माण एवं मरम्मत,सामुदायिक भवन,शेड निर्माण में भारी भ्रष्टाचार



**साजा।** आरएसएस विभाग अनुविभाग साजा में एक ऐसे इंजिनियर है जो विभाग मे अभियंता कम ठेकेदार के नाम से ज्यादा बहुप्रचलित है और,जिनका काम विभाग मे बड़े स्तर के काम को ठेका लेकर ठेकादारी करते हुए स्वयं मूल्यांकन सत्यापन करते है नतीजन काम पूर्ण होने के 6 माह या साल भर मे दरारे सिपेज़ या फिर छड़ उड़खने की समस्या देखने को मिलता है फिर भी प्रशासन द्वारा ऐसे इंजिनियर को कार्यवाही करने के बजाय उच्च अधिकारी उनसे व्यक्तिगत काम लेते है जिला पंचायत विभाग मे ऐसे इंजिनियर के नाम का हल्ला है किन्तु उनके ऊपर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है शायद यही वजह है कि भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का काम उच्च अधिकारीयों द्वारा किया जाता है तभी ऐसे इंजिनियर के मनोबल को बढ़ावा मिलता है। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग,जो कि गांवों के आधारभूत ढांचे के निर्माण में रीढ़ की हड्डी मानी जाती है, आज खुद प्रशासनिक ढांचे की अनदेखी का शिकार हो चुकी है। जिस कारण इन दिनों ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग चर्चाओं का केंद्र बना हुआ है। विभाग का एक इंजिनियर स्वीकृत विभिन्न ग्राम पंचायतों के कार्य खुद ही अपनी देखरेख में कार्य करवा रहे हैं और उन कार्यों का

# पुनर्वास केंद्र बीजापुर में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का तीसरा बैच शुरू

बीजापुर । उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत पुनर्वास केंद्र बीजापुर में साक्षरता केंद्र का तीसरा बैच आज से प्रारंभ किया गया। इस बैच में कुल 92 आत्मसमर्पित नक्सली (असाक्षर) साक्षर बनने की दिशा में अध्ययन करेंगे।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव लखनलाल धनेलिया, जिला परियोजना अधिकारी, जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कमलदास झाड़ी, नोडल अधिकारी बसमैया अंगनपल्ली एवं कार्यक्रम से जुड़े कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बेल्जियम के पर्यटक धनकुल एथनिक रिजॉर्ट पहुंचे, बस्तर की जनजातीय संस्कृति देख हुए अभिभूत

**रायपुर।** बेल्जियम से आए पर्यटकों के एक दल ने कोंडागांव स्थित धनकुल एथनिक रिजॉर्ट का भ्रमण किया। बस्तर की जनजातीय संस्कृति और जीवनशैली को नजदीक से जानने पहुंचे इन पर्यटकों ने रिजॉर्ट में स्थित ट्राइबल म्यूजियम का अवलोकन कर किया। आदिवासी कला, परंपराओं और जीवन दर्शन पर आधारित इस रिजॉर्ट की विशिष्ट थीम ने विदेशी मेहमानों को बेहद प्रभावित किया। अतिथियों का पारंपरिक शैली में गुड़हल के फूलों की चाय से स्वागत किया गया। बस्तर के घने जंगलों, हरियाली और जनजातीय संस्कृति को देखकर उन्होंने कहा कि यह अनुभव उनके लिए अविस्मरणीय रहेगा। पर्यटकों ने कहा कि उन्हें विश्वास नहीं था कि आज की दुनिया में भी प्रकृति, जनजातीय संस्कृति और पर्यावरण का इतना जीवंत संगम कहीं देखने को मिल सकता है। उन्होंने पूरे बस्तर क्षेत्र को गहराई से एक्सप्लोर करने की इच्छा जताई और बताया कि वे बार-बार यहां लौटना चाहेंगे।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने शहीद देवेन्द्र कुमार सेठिया की प्रतिमा का अनावरण

### देवेंद्र कुमार सेठिया के शहादत को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने किया नमन

**रायपुर/जगदलपुर ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने शनिवार को बस्तर जिले के ग्राम धोबीगुड़ा (पो.आसना) के प्रायमरी स्कूल के प्रांगण में माओवादी बारुदी विस्फोट में शहीद देवेन्द्र कुमार सेठिया की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि की आसंदी से अपने सम्बोधन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि देवेन्द्र कुमार की शहादत बस्तर के नवजवानों को माओवाद के खात्मे के लिए सतत प्रेरित करती रही है। सेठिया-परिवार द्वारा प्रतिमा स्थापित किए जाने की पहल का स्वागत करते हुए श्री देव ने कहा कि यह प्रतिमा हमें सतत नक्सलमुक्त बस्तर और यहाँ सुख-शांति व सर्वतोमुखी विकास के लिए प्रेरित करती रहेगी। देवेन्द्र कुमार और उन जैसे असंख्य जवानों की शहादत ने शांत छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार किया है। विदित रहे, 8 नवम्बर 1992 को धोबीगुड़ा में



जन्मे देवेन्द्र कुमार (आत्मज : स्व. महेशराम व श्रीमती दयमती सेठिया) केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में 12 सितम्बर 2013 को सिपाही/जीडी के पद पर ग्रुप केन्द्र बिलासपुर में भर्ती हुए थे तथा प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत क्रमशः 222/175 एवं 196 बटालियन में तैनात रहे। बीजापुर जिले के ऊसूर थानान्तर्गत गलगम क्षेत्र में मओवादियों द्वारा किए गए आई.ई.डी विस्फोट में 19 अप्रैल 2024 को शहीद हो गए। उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाए रखने के लिए परिजनों की ओर से उनकी प्रतिमा स्थापित की गई है जिसका अनावरण उनकी जन्मतिथि पर 8 नवम्बर 2025 को किया गया।

# मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना बन रही लोगों के लिए संजीवनी, शासकीय मदद से गणेशराम का किडनी प्रत्यारोपण सफल

### मुख्यमंत्री से मिल कर परिवार ने जताया आभार

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना अब उन परिवारों के लिए संजीवनी बन चुकी है, जिनके लिए गंभीर बीमारियों का खर्च उठाना संभव नहीं होता। इस योजना ने एक बार फिर जशपुर जिले के बगीचा निवासी 48 वर्षीय किसान गणेशराम यादव को नई ज़िंदगी दी है। गणेशराम की दोनों किडनियाँ खराब हो चुकी थीं। कई महीनों से डायलिसिस पर चल रहे गणेशराम की हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी। डॉक्टरों ने उन्हें किडनी प्रत्यारोपण की सलाह तो दी, लेकिन उपचार का खर्च सुनकर परिवार की उम्मीदें टूटने लगीं। एक किसान परिवार के लिए इतना बड़ा खर्च उठाना असंभव था - परिवार असहाय खड़ा था, और हर दिन जीवन की आस धीरे-धीरे समाप्त होती जा



रही थी। इसी कठिन समय में उन्हें कुनकुरी सदन के माध्यम से मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना की जानकारी मिली। परिवार ने तत्परता से पहल की, आवश्यक दस्तावेज़ तैयार किए गए, और बिना किसी जटिल प्रक्रिया के योजना के अंतर्गत उनका पूरा उपचार निःशुल्क स्वीकृत हो गया। गणेशराम को रायपुर स्थित एम्स अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में भर्ती कराया गया। उनके उपचार के लिए उनकी 64 वर्षीय माता सरस्वती यादव ने अपने बेटे के लिए निःसंकोच किडनी दान कर दी – इस प्रकार एक माँ ने अपने बेटे को दूसरी बार जीवनदान दिया। किडनी प्रत्यारोपण सफल रहा, और गणेशराम अब पूरी तरह स्वस्थ हैं। घर लौटने के बाद उनका परिवार पुनः खुशियों से भर उठा है। स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने के पश्चात् गणेशराम अपने परिवार के साथ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर स्थित निवास में मिले। उनकी आँखों में कृतज्ञता और भावनाओं की नमी थी। मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए गणेशराम ने कहा किअगर यह योजना नहीं होती, तो शायद मैं आज ज़िंदा नहीं होता। सरकार ने हमारी जीवन की टूटी हुई आस को फिर से लौटा दिया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गणेशराम और उनके परिवार से आत्मीय मुलाकात करते हुए उनके उज्ज्वल और स्वस्थ भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि, प्रदेश का प्रत्येक नागरिक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पाने का अधिकारी है। हमारी सरकार का प्रयास है कि कोई भी व्यक्ति आर्थिक तंगी के कारण इलाज से वंचित न रहे – यही सच्चे अर्थों में जनसेवा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता

# बीजापुर में विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के तहत मतदाता गणना पत्रक का वितरण

### कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संबित मिश्रा को बीएलओ ने गणना पत्रक प्रदाय किया

### कलेक्टर ने सभी मतदाताओं से अपील कर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में सहयोग करने की अपील की

**बीजापुर।** विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के तहत बीजापुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 165 बीजापुर-4 में बीएलओ द्वारा आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संबित मिश्रा को गणना पत्रक प्रदाय किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य 4 नवम्बर 2025 से प्रारंभ हो चुका



है, जो 4 दिसम्बर 2025 तक जारी रहेगा। इस अवधि में बीएलओ घर-घर जाकर वर्ष 2025 की मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं को पूर्व मुद्रित गणना पत्रक की दो प्रतियाँ प्रदान कर रहे हैं। इन गणना पत्रकों में मतदाताओं का मतदान केंद्र क्रमांक, सरल क्रमांक एवं अन्य विवरण पहले से अंकित हैं। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार, गणना पत्रक के साथ मतदाताओं से दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ और आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा रही है। बीएलओ द्वारा गणना पत्रक की एक प्रति मतदाता को पावती स्वरूप प्रदान की जाएगी, जिसे मतदाता को सुरक्षित रखना होगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संबित मिश्रा ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान बीएलओ को सभी आवश्यक जानकारी एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो उपलब्ध कराएं और जागरूक नागरिक एवं मतदाता होने का दायित्व निभाएं।

# वंदे मातरम् के सामूहिक गायन ने जगाई राष्ट्रभाव की अनुभूति, वंदे मातरम् पर पीएम मोदी का देशभक्ति और एकता का संदेश

**कोरबा ।** भारत की राष्ट्रीय चेतना, स्वतंत्रता संग्राम और मातृभूमि के प्रति अपार श्रद्धा का प्रतीक राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' आज भी प्रत्येक भारतीय के हृदय में स्वाभिमान और देशभक्ति का स्वर जगाता है। इसी अमर रचना की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर देशभर में एक भव्य राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वर्चुअल माध्यम से संपन्न हुआ, जिसमें माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए 'वंदे मातरम्' के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय महत्व पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री श्री मोदी के इस विशेष संबोधन का सीधा प्रसारण कोरबा जिला कार्यालय के नये सभाकक्ष में किया गया, जहाँ बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं नागरिक उपस्थित रहे और सभी ने कार्यक्रम को एक साथ देखा एवं सुना। कार्यक्रम में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ शासन के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन, कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री प्रेमचंद पटेल शामिल हुए। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा



कि 'वंदे मातरम्' हमारे राष्ट्र की आत्मा का स्वर है। यह गीत भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों के मन में स्वाभिमान, साहस और संघर्ष की ज्योति जगाने वाला रहा है। उन्होंने कहा कि यह केवल गीत नहीं, बल्कि मातृभूमि के प्रति आदर, सम्मान और भावनात्मक एकता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्र की सांस्कृतिक धरोहर, स्वाधीनता संग्राम और राष्ट्रीय मूल्यों को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएँ। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'वंदे मातरम्' केवल एक राष्ट्रगीत नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति श्रद्धा, समर्पण और सेवा की भावना का सशक्त स्वर है, जिसे आज देश का प्रत्येक नागरिक अपने मन में संजोए हुए है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर यह 150वीं वर्षगांठ न केवल स्मरण का अवसर है, बल्कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक गौरव को और अधिक सुदृढ़ करने का संकल्प भी है। 'वंदे मातरम्' ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लोगों में स्वाभिमान और देशप्रेम की ज्वाला प्रज्वलित की थी, और यह आज भी नई पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने आगे कहा कि हमें इस अमर राष्ट्रीय धरोहर को केवल गान के रूप में ही नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों और कर्तव्यनिष्ठा के रूप में आत्मसात करना चाहिए, ताकि हम सभी मिलकर एक सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण में योगदान दे सकें। इस दौरान सभागार में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों ने एक साथ सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम्' का गायन किया। सामूहिक स्वर में गूँजते 'वंदे मातरम्' और 'भारत माता की जय' के उद्घोष से सम्पूर्ण वातावरण देशभक्ति और उत्साह की भावना से भर उठा। कटघोरा विधायक श्री प्रेमचंद पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ केवल एक ऐतिहासिक तिथि नहीं, बल्कि भारतीय अस्मिता और मातृभूमि के सम्मान का गौरवशाली प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन महान साहित्यकार एवं स्वतंत्रता आंदोलन के प्रेरणास्रोत बंकिम चंद्र चटर्जी ने रचना की सृजना की थी। यह गीत केवल शब्दों का संयोजन नहीं, बल्कि हमारे देश की सांस्कृतिक पहचान, प्रकृति, भूमि,

# दामाद ने सास को उतारा मौत के घाट

**रायपुर ।** ग्राम बरौदा में एक युवक ने अपनी सास से मारपीट कर मौत के घाट उतार दिया। मामले में माना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतिका राजबाई बांधे 65 वर्ष ग्राम बरौदा की रहने वाली थी। बताया जाता है कि मृतिका के दामाद आरोपी वीरेन्द्र कुर्रे ने घरेलू विवाद को लेकर अपनी सास राजबाई से मारपीट किया। जिससे गंभीर रूप से घायल राजबाई को अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में माना पुलिस ने आरोपी दामाद के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज किया है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## शादी कार्यक्रम से पर्स पार

**रायपुर ।** मिनी माता चौक ओसो भवन में शादी कार्यक्रम के दौरान अज्ञात चोर ने कुर्सी पर रखे पर्स को पार कर दिया। चोरी गए पर्स में मोबाइल और नकदी 1 लाख रुपए था। मामले में गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। नितेश कुमार राजपूत 37 वर्ष स्मृतिनगर दुर्ग का रहने वाला है। प्रार्थी ने गुढ़ियारी थाना में शिकायत किया वह अपने परिवार के साथ मिनी माता चौक ओसो भवन में शादी कार्यक्रम में शामिल होने आया था, तभी कुर्सी में रखे पर्स को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए पर्स में मोबाइल और नकदी 1 लाख रुपए था। मामले में गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**रायपुर।** रिंग रोड नंबर 3 स्थित टेकारी चौक के पास कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में विधानसभा पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मृतक कुश साहू 28 वर्ष ग्राम टेकारी का रहने वाला था। बताया जाता है कि मृतक अपनी बाइक से दूध बांटने निकला था, तभी रिंग रोड नंबर 3 स्थित टेकारी चौक के पास कार क्रमांक सीजी 04 बीआर 3203 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे कुश साहू की मौत हो गई।

# भाजपा ने शुरू किया मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान, रायपुर पश्चिम में दो मंडलों की कार्यशाला संपन्न

### मूणत बोले, एसआईआर लोकतंत्र को सशक्त बनाने की पहल

### प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने कहा – हर पात्र नागरिक का नाम सूची में शामिल कराना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी




**रायपुर ।** रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला गुढियारी मंडल और तात्यापारा मंडल में संपन्न हुई, जिसमें बूथ स्तर के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बीएलओ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। गुढियारी मंडल की कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। वहीं तात्यापारा मंडल में रायपुर पश्चिम के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रशिक्षण दिया। एसआईआर अभियान को लेकर भाजपा का विशेष प्रशिक्षण भाजपा की इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य एसआईआर अभियान के तहत चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया को गहराई से समझाना और उसे प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करना था। 4 नवम्बर से प्रदेशभर में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन का कार्य शुरू हो चुका है। भाजपा ने इस प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए विशेष रणनीति तैयार की है। प्रत्येक कार्यकर्ता बने बीएलओ का सहयोगी - यशवंत जैन प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने कहा कि यह अभियान लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने क्षेत्र में बीएलओ के साथ मिलकर काम करना चाहिए ताकि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़ सके। जहां बीएलओ नहीं पहुंच पा रहे हैं, वहां भाजपा कार्यकर्ता स्वयं पहल करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे आम नागरिकों को फॉर्म-6 (नए मतदाता जोड़ने हेतु), फॉर्म-7 (संशोधन हेतु) और फॉर्म-8 (पता परिवर्तन हेतु) की प्रक्रिया की जानकारी दें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। राजेश मूणत का कांग्रेस पर हमला भ्रम फैलाने की कोशिश रायपुर पश्चिम के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत ने कहा कि कांग्रेस एसआईआर को लेकर जनता के बीच गलत संदेश फैला रही है, जबकि यह अभियान मतदाता सूची को शुद्ध और पारदर्शी बनाने के लिए है। भाजपा कार्यकर्ताओं की भूमिका इस प्रक्रिया में निर्णायक है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि कोई फर्जी मतदाता सूची में न रहे और कोई पात्र नागरिक छूटे नहीं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद कई बार पुनरीक्षण प्रक्रिया हुई है, लेकिन पहली बार इतनी गंभीरता और व्यापक स्तर पर इसे लागू किया जा रहा है। यह अभियान लोकतंत्र और राष्ट्र को सशक्त बनाने वाला है। कांग्रेस की चुप्पी बताती है कि वे आज भी जनता को भ्रमित करने की राजनीति में उलझे हैं, उन्होंने जोड़ा। भाजपा का संकल्प – हर घर तक पहुंचेगा एसआईआर अभियान भाजपा ने संकल्प लिया कि एसआईआर अभियान को बूथ स्तर तक पूरी मजबूती से चलाया जाएगा।

कार्यकर्ता प्रत्येक परिवार तक पहुंचेंगे, मतदाता सूची का मिलान करेंगे और बीएलओ के साथ समन्वय में काम करेंगे, ताकि मतदाता सूची शुद्ध, सटीक और पारदर्शी बन सके। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। दोनों मंडलों की कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, कार्यकर्ता और बीएलओ सहयोगी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## गुरू गुरू तेग बहादुर ने मानवता की रक्षा के लिए दिया अपना बलिदान – विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह

**राजनांदगांव ।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में गुरुजी संगत वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित हिन्द दी चादर धंन धंन गुरू तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित श्लोक महला 9वां के सामूहिक पठन कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि 9वें सिख गुरू गुरू तेग बहादुर जी महान योद्धा, आध्यात्मिक व्यक्तित्व, मातृभूमि को समर्पित थे, जिनके कारण उन्हें हिन्द दी चादर कहा जाता है। ऐसे व्यक्तित्व को मैं नमन करता हूं, प्रणाम करता हूं। उन्होंने कहा कि आज के इस आयोजन ने स्टेट के वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड में कीर्तिमान स्थापित करते हुए राजनांदगांव जिला को गौरवान्वित किया है। जिसके लिए गुरूजी संगत वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारियों, श्रद्धालु एवं राजनांदगांव के नागरिकों को बहुत बधाई। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में सभी समाज के लोग उपस्थित है। यह मेरे लिए गौरवशाली क्षण है और आपने इस आयोजन को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। इसके लिए बधाई एवं शुभकामनाएं।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज का यह अवसर प्रेरणादायक है। हमको कुछ सीखना है, आगे वाली पीढियों को कुछ समझाना है और धर्म की रक्षा के लिए मुगलों के अत्याचार के खिलाफसंघर्ष करते हुए चुनौतीपूर्ण स्थितियों के बावजूद मजबूती से खड़े रहे। गुरू गुरू तेग बहादुर जी ने मानवता की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया। देश की एकता और अखंडता के लिए हमारे गुरूओं ने जो बलिदान दिया है, वह अद्भुत है। इस दौरान महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, अध्यक्ष गुरुजी संगत वेलफेयर सोसाइटी मोहन सिंह ढल्ला, कोमल सिंह राजपूत, खूबचंद पारख, सचिन बघेल, संतोष अग्रवाल, सैंकी बग्गा।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने शहीद देवेन्द्र कुमार सेठिया की प्रतिमा का अनावरण किया

### देवेंद्र कुमार सेठिया के शहादत को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने किया नमन

**जगदलपुर ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने शनिवार को बस्तर जिले के ग्राम धोबीगुड़ा (पो.आसना) के प्रायमरी स्कूल के प्रांगण में माओवादी बारुदी विस्फोट में शहीद देवेन्द्र कुमार सेठिया की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि की आसंदी से अपने सम्बोधन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि देवेन्द्र कुमार की शहादत बस्तर के नवजवानों को माओवाद के खात्मे के लिए सतत प्रेरित करती रही है। सेठिया-परिवार द्वारा प्रतिमा स्थापित किए जाने की पहल का स्वागत करते हुए किरण देव ने कहा कि यह प्रतिमा हमें सतत नक्सलमुक्त बस्तर और यहाँ सुख-शांति व सर्वतोमुखी विकास के लिए प्रेरित करती रहेगी। देवेन्द्र कुमार और उन जैसे असंख्य जवानों की शहादत ने शांत छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार किया है।

विदित रहे, 8 नवम्बर 1992 को धोबीगुड़ा में जन्मे देवेन्द्र कुमार (आत्मज : स्व. महेशराम व दयमती सेठिया) केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में 12 सितम्बर 2013 को सिपाही/जीडी के पद पर ग्रुप केन्द्र बिलासपुर में भर्ती हुए थे तथा प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत क्रमशः 222/175 एवं 196 बटालियन में तैनात रहे। बीजापुर जिले के ऊसूर थानान्तर्गत गलगम क्षेत्र में मओवादियों द्वारा किए गए आई.ई.डी विस्फोट में 19 अप्रैल 2024 को शहीद हो गए। उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाए रखने के लिए परिजनों की ओर से उनकी प्रतिमा स्थापित की गई है जिसका अनावरण उनकी जन्मतिथि पर 8 नवम्बर 2025 को किया गया। इस अवसर पर बस्तर के विधायक लखेश्वर बघेल शहीद की माता दयमती सेठिया, बहन पिंकी सेठिया, भाई योगेन्द्र सेठिया, एस. अरुण कुमार डीआईजी रेंज जगदलपुर, एन.के. सिंह डीआईजी सीआरपीएफ, जितेंद्र कुमार, शलभ कुमार सिन्हा, जनपद अध्यक्ष सोनवारी भद्रे, उपाध्यक्ष तरुण पांडे, मण्डल अध्यक्ष पुरुषोत्तम जोशी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष धनुर्जय कश्यप, गजानंद दास व सरपंच संतोष कश्यप सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# एनआईटी रायपुर के 16वें दीक्षांत समारोह में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा होंगे मुख्य अतिथि

रायपुर। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर (एनआईटी रायपुर) का 16वां दीक्षांत समारोह आगामी रविवार, 9 नवम्बर 2025 को दोपहर 2:00 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, रायपुर में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर संस्थान एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने जा रहा है। समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं तथा शनिवार को आयोजित पूर्वाभ्यास में विद्यार्थियों को डिग्री एवं पदक वितरण की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इस गरिमामय समारोह के मुख्य अतिथि जम्मू-कश्मीर के माननीय उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा होंगे, जबकि रक्षा मंत्री, भारत सरकार के वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. जी. सतीश रेड्डी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनआईटी रायपुर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष एवं हावरे प्रॉपर्टीज ग्रुप ऑफ कंपनीज के अध्यक्ष डॉ. सुरेश हावरे करेंगे। एनआईटी रायपुर के निदेशक प्रो. एन. वी. रामना राव इस अवसर पर संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। इस वर्ष कुल 1,382 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी, जिनमें बी.टेक एवं बी.आर्क कार्यक्रमों के 1,055 विद्यार्थी, एमसीए, एम.एससी. एवं एम.टेक के 278 विद्यार्थी, तथा 49 शोधार्थी (पीएच.डी.) शामिल हैं। उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए कुल 54 पदक – 27 स्वर्ण और 27 रजत पदक – प्रदान किए जाएंगे। इनमें बी.टेक एवं बी.आर्क कार्यक्रमों के 13 स्वर्ण और 12 रजत पदक, तथा एमसीए, एम.एससी. और एम.टेक कार्यक्रमों के 14 स्वर्ण और 15 रजत पदक शामिल हैं। संस्थान के सर्वश्रेष्ठ छात्र का प्रतिष्ठित पुरस्कार कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग शाखा की छात्रा सुश्री आर्या श्रीवास्तव को प्रदान किया जाएगा। दीक्षांत समारोह में बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य, सेनेट सदस्य, रजिस्ट्रार, डीन, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहेंगे, जो संस्थान की शैक्षणिक गरिमा और एकता का प्रतीक होगा। एनआईटी रायपुर अपने विद्यार्थियों में नवाचार, अनुसंधान एवं नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करने के लिए सतत् प्रयासरत है और उन्हें राष्ट्र निर्माण तथा वैश्विक प्रगति में सार्थक योगदान हेतु प्रेरित करता रहेगा।



## 9 को रामाराम से सुकमा तक निकलेगी पदयात्रा

**सुकमा ।** भारत के लौह पुरुष एवं महान राष्ट्र निर्माता सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर पूरे देश में राष्ट्रीय पदयात्रा (यूनिटी मार्च) का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में युवा एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शन में सुकमा जिला प्रशासन द्वारा एक विशेष 'यूनिटी मार्च' का आयोजन किया जा रहा है। यह पदयात्रा 09 नवम्बर 2025 (रविवार) को प्रातः 9:00 बजे से रामाराम (देवगुड़ी) से प्रारंभ होकर सुकमा बस स्टैंड तक निकाली जाएगी। यात्रा मार्ग में रामाराम देवगुड़ी, रामाराम मंदिर, बोरगुड़ा, मुयारास और गोंगला जैसे प्रमुख स्थान शामिल रहेंगे।

कार्यक्रम का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और भाईचारे के संदेश को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना है। इस अवसर पर जिला प्रशासन के द्वारा जिले के सभी पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों तथा आम नागरिकों को यात्रा में शामिल होने के लिए सादर आमंत्रित किया गया है।

# कांग्रेस में संगठन सृजन अभियान की प्रक्रिया पीएससी–यूपीएससी से भी अधिक जटिल हो गई : भाजपा

### प्रदेश प्रवक्ता ठाकुर ने कहा : जिला अध्यक्ष बनाने के लिए पैसे मांगे जाने के आरोप से कांग्रेस का भ्रष्ट राजनीतिक चरित्र एक बार फिर बेनकाब हुआ

**रायपुर ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस में संगठन सृजन अभियान के तहत जिला अध्यक्षों का चयन की प्रक्रिया पीएससी-यूपीएससी से भी अधिक जटिल होती नजर आ रही है। श्री ठाकुर ने कहा कि लगातार करारी हार से पस्त कांग्रेस ने जैसे-तैसे संगठन सृजन का मन बनाया था, लेकिन इसमें भी पैसों के लेन-देन का आरोप लगाकर कांग्रेस के एक पूर्व विधायक ने इस पूरे अभियान को ही कठघरे में ला पटका है।



सन 2023 के विधानसभा चुनाव से लगातार पाँच चुनावों में मिली करारी हार के बाद से ही अंदरूनी गुटबाजी से जूझ रही है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस का तो समूचा राजनीतिक इतिहास भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग का प्रामाणिक दस्तावेज है, इसलिए कांग्रेस के पूर्व विधायक रहे बृहस्पत सिंह के सह प्रदेश प्रभारी जरिता लेतफ्लांग के नाम पर जिला अध्यक्ष बनाने के लिए पैसे मांगे जाने के आरोप पर किसी को कोई हैरत भले नहीं हो रही है, लेकिन इससे कांग्रेस का भ्रष्ट राजनीतिक चरित्र एक बार फिर बेनकाब हुआ है और इससे राहुल गांधी के महात्वाकांक्षी संगठन सृजन अभियान पर ही प्रश्नचिह्न लग गया है। श्री ठाकुर ने कहा कि सत्ता में रहते हुए सरकारी खजाने में डाका डालने में जिस कांग्रेस के सत्ताधीशों को कोई हिचक नहीं हुई, जिस कांग्रेस के संगठन के खजाने तक में कांग्रेस के लोगों ने ही सेंधमारी करने में शर्म महसूस नहीं की, उस कांग्रेस में अब कभी किसी टिकट के लिए तो कभी पद के लिए पैसों की मांग के आरोप अनेक पदाधिकारियों पर लग रहे हैं। श्री ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के लोग अपने ही पूर्व विधायक के आरोपों को कपोल-कल्पित बताकर शुतुरमुर्ग की तरह अंधड़ गुजर जाने का भ्रम पाले रहें, लेकिन सच्चाई तो यही है कि बिना आग के कहीं धुआँ नहीं उठता। कांग्रेस में टिकटों और पदों के लिए सौदेबाजी आम बात हो चुकी है। कांग्रेस में सौदेबाजी के लगते ये आरोप लोकतांत्रिक मूल्यों और विचारधारा के रसातल में जाने के साफसंकेत हैं।

# युक्तियुक्तकरण नीति से विद्यार्थियों तक पहुँच रही शिक्षकों की विशेषज्ञता का लाभ

### आरटीआई के तहत विभाग द्वारा प्रदान की गई जानकारी में सोशल मीडिया में प्रसारित किसी भी बिल का कोई उल्लेख नहीं, इन बिलों से विभाग का कोई संबंध नहीं

### बेमेतरा संभाग के कार्यपालन अभियंता ने दी वस्तुस्थिति की जानकारी



**रायपुर ।** कतिपय सोशल मीडिया में प्रसारित उप मुख्यमंत्री-सह-लोक निर्माण मंत्री के परिवार के निजी कार्यक्रम का भुगतान लोक निर्माण विभाग द्वारा किये जाने संबंधी समाचार तथ्यहीन एवं भ्रामक है। लोक निर्माण विभाग द्वारा उप मुख्यमंत्री अरुण साव या किसी भी निजी कार्यक्रम का कोई भुगतान नहीं किया गया है। आरटीआई के तहत विभाग द्वारा प्रदान की गई जानकारी में सोशल मीडिया में प्रसारित किसी भी बिल का कोई उल्लेख नहीं है। इन बिलों से विभाग का कोई संबंध नहीं है। लोक निर्माण विभाग के बेमेतरा संभाग के कार्यपालन अभियंता डी.के. चंदेल ने इस संबंध में वस्तुस्थिति की विस्तार से जानकारी दी है। चंदेल ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के बेमेतरा संभाग के अंतर्गत व्ही.आई.पी. कार्यक्रमों में लगाए गए टेंट-पंडाल से संबंधित किये गये भुगतान की जानकारी श्री अब्दुल वाहिद रवानी आत्मज अब्दुल मजीद रवानी, निवासी वार्ड नंबर 21, बाजार पारा बेमेतरा, जिला-बेमेतरा को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग भवन/सड़क, संभाग बेमेतरा के पत्र क्रमांक 4630/सू.अ.लि./25, दिनांक 28.08.2025 को जानकारी प्रदान किया गया है। रवानी द्वारा सूचना का अधिकार के माध्यम से बेमेतरा संभाग में दिनांक 18.06.2025 को गुरूनानक टेंट हाऊस एवं केटरर्स, गुरूदेव टेंट हाउस एवं केटरर्स, खालसा टेंट केटरिंग एवं लाइट को किये गये भुगतान राशि रू. 3.97 करोड़ के बिल व्हाउचर सहित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के प्रोटोकॉल एवं कलेक्टर महोदय के आदेश की प्रति कार्यपालन अभियंता ने दिनांक 28.08.2025 को जानकारी प्रदान की है। विभाग द्वारा प्रदान की गई जानकारी में ऐसे किसी भी बिल का कोई उल्लेख नहीं है और विभाग का ऐसे किसी भी बिल से कोई संबंध नहीं है, जो सोशल मीडिया में भ्रामक रूप से प्रसारित हो रही है। जिन कार्यक्रमों का भुगतान किया गया है, उसका विवरण निम्नानुसार है -

1. दिनांक 19, 20 एवं 21 दिसंबर 2024 को बेमेतरा जिला के नवागढ़ में 3 दिवसीय मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में लगाये गये टेंट पंडाल आदि की व्यवस्था का 1,76,30,694/- रूपये भुगतान हुआ है। 2. दिनांक 25.01.2024 को जिला बेमेतरा के जूनी सरोवर ग्राम में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में लगे टेंट व्यवस्था का 71,16,646/- रूपये भुगतान हुआ है। 3. दिनांक 04.07.2024 को जिला बेमेतरा के अंधियारखोर ग्राम में मंत्री के कार्यक्रम में लगे टेंट व्यवस्था का 17,99,088/- रूपये भुगतान हुआ है। 4. दिनांक 24.02.2024 को ग्राम बेमेतरा के मंडी परिसर में विकसित भारत कार्यक्रम में लगे टेंट व्यवस्था का 11,88,084/- रूपये भुगतान हुआ है।5. दिनांक 14.01.2025 को ग्राम संबलपुर में मंत्री के कार्यक्रम में लगे टेंट व्यवस्था का 10,11,450/- रूपये भुगतान हुआ है।6. बेमेतरा संभाग अंतर्गत दिनांक 28.06.2024 को सिंधौरी में वर्चुअल कार्यक्रम, दिनांक 04.07.2024 को अंधियारखोर में शासकीय कार्यक्रम, दिनांक 12.08.2024 से 14.08.2024 तक तिरंगा यात्रा कार्यक्रम, दिनांक 20.10.2024 को बेमेतरा में वाचनालय का लोकार्पण कार्यक्रम, दिनांक 14.01.2025 को ग्राम दाढ़ी में भूमिपूजन का कार्यक्रम, दिनांक 14.01.2025 को संबलपुर में भूमिपूजन का कार्यक्रम, दिनांक 07.10.2025 को प्रभारी मंत्री की समीक्षा बैठक, दिनांक 12.10.2024 को बेमेतरा के मंडी प्रांगण में कार्यक्रम, दिनांक 15.11.2024 को टाउन हॉल में जनजाति गौरव दिवस का कार्यक्रम, दिनांक 19.12.24 से 21.12.24 तक नवागढ़ में पंथी प्रतियोगिता के कार्यक्रम हुए हैं। इन सभी कार्यक्रमों में लाइटिंग, साउंड एवं एल.ई.डी. व्यवस्था आदि कार्य हेतु 33,29,310/- रूपये भुगतान हुआ है।

## बस्तर सांसद महेश कश्यप बोले : हर घर तक पहुंचेगा विकास का लाभ

### 1.99 करोड़ की लागत से बने फूलबगड़ी-दामापारा मार्ग पर माइनर ब्रिज का सांसद ने किया लोकार्पण

**सुकमा ।** बस्तर सांसद महेश कश्यप शनिवार को एकदिवसीय प्रवास पर सुकमा पहुंचे। अपने दौरे के दौरान उन्होंने सुकमा विकासखंड के ग्राम पंचायत फूलबगड़ी में 1 करोड़ 99 लाख रुपए की लागत से निर्मित माइनर ब्रिज का लोकार्पण किया। यह पुल फूलबगड़ी से दामापारा मार्ग को जोड़ता है, जिससे अब ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी। उद्घाटन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए सांसद कश्यप ने कहा हमारी सरकार बनने के बाद विकास की रफ्तार तेज हुई है। पक्की सड़कें, पुल-पुलिया, बिजली और हर घर जल जैसी योजनाओं ने आमजन के जीवन को सुगम बनाया है। महतारी वंदन योजना से महिलाओं के जीवन में खुशहाली आई है और यह हमारी सरकार की जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य में किसानों के लिए खुशखबरी है 15 नवंबर से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी प्रारंभ हो रही है। यही हमारी 'विकास की सरकार' और मोदी की गारंटी है। सांसद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास कार्यों की गति आने वाले समय में और तेज होगी तथा बस्तर अंचल के प्रत्येक ग्राम तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने का संकल्प सरकार द्वारा पूर्ण किया जाएगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सुकमा हुंगाराम मरकाम, उपाध्यक्ष रीना पेद्दी, जनपद अध्यक्ष कोंटा कुसुमलता कोवासी, जिला पंचायत सदस्य माड़े बारसे।

## संपादकीय

### दिल्लीवासियों की अपेक्षाएं

विशेषज्ञों को जरूर मालूम होगा कि कृत्रिम बारिश के लिए आसमान में बादलों की कैसी मौजूदगी जरूरी होती है। इस ज्ञान का इस्तेमाल ना करने के कारण उन्होंने दिल्लीवासियों की अपेक्षाएं बढ़ाई और उन्हें पूरा करने में नाकाम रहे। राष्ट्रीय राजधानी में क्लाउड सीडिंग के जरिए कृत्रिम बारिश कराने की कोशिश की नाकामी में कई सबक छिपे हैं। पहले तो इससे यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति जाहिर हुई है कि तकनीक संस्थान एवं विशेषज्ञ सरकारों की मंशा के मुताबिक चलने की ऐसी मानसिकता का शिकार हो गए हैं कि मानों उन्होंने स्वतंत्र राय देने से तौबा कर लिया है। वरना, आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञ बिना ठोस परिस्थितियों का आकलन किए ऐसे प्रयास में शामिल नहीं होते, जिसके नाकाम रहने से उनकी भी किरकिरी हुई है। विशेषज्ञों को यह जरूर मालूम होगा कि कृत्रिम बारिश के लिए आसमान में बादलों की कैसी मौजूदगी जरूरी होती है।



### क्यों गुलाबों की तरह महकते नहीं

क्यों गुलाबों की तरह महकते नहीं,
क्यूँ बहारों के साथ चहकते नहीं।

दफ़्न हो रही है तमन्ना-ए-मोहब्बत,
क्यूँ फ़िज़ाओं में अब वो रहते नहीं।

मर जायेगा आशिक़ तनहा होकर,
क्यूँ ख़तों के किताबों में रखते नहीं।

फ़ीकी पड़ी है निशानी-ए-मुहब्बत,
ख़ूवाब में भी कभी गुचे खिलते नहीं।

गुचे- अध खिले फूल,

तू ही मंज़िल आरज़ुओं की मेरी,
क्यूँ तसव्वुर में मेरे महकते नहीं।

दुनिया बनाएगी उलझनें फिर,
क्यूँ रिश्तो से मुंह मोड़ते नहीं ।

आये हो थोड़ा मुस्कुरा लो संजीव
फिर भी वादा-ए-वस्ल करते नहीं।
(वादा-ए-वस्ल-मुलाकात का वादा)

**- संजीव ठाकुर।**

QR CODE SCAN
कर प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा लिखित पुस्तकें पढ़िये ऑनलाईन

PM : 2024 - Vishwa Sarkar Ka Vikalp

Modimaya_ Vaidik_Netritva

Rashtriya Ekta

DLF-Vadra- Bhrasht Tantra

Silent Assassins Jan11,1966

Accursed & Jihadi Neighbour

# राजद-कांग्रेस का गठबंधन टूटते टूटते बचा

**अजीत द्विवेदी**



दिल्ली से लेकर पटना तक की मीडिया में चर्चा है कि बिहार में राजद के साथ कांग्रेस का गठबंधन टूटते टूटते बचा और वह भी तब, जब सोनिया गांधी ने दखल दिया और राहुल गांधी सक्रिय हुए। कहा जा रहा है कि राहुल देश के किसी भी हिस्से में रहे लेकिन वे पटना में नेताओं के लगातार संपर्क में थे और हर घटनाक्रम की समीक्षा कर रहे थे। अंत में सोनिया गांधी ने अशोक गहलोत को पटना भेजा। उनके बाद अविनाश पांडे भी पटना भेजे गए। वे पटना में समन्वय देखेंगे। यह आम धारणा है कि अशोक गहलोत पटना गए तो उन्होंने जादूगरी दिखाई और गठबंधन को टूटने से बचा लिया। उन्होंने लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव से बातचीत की और उसके बाद साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई, जिसमें तेजस्वी यादव को महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री का दावेदार और मुकेश सहनी को उप मुख्यमंत्री का दावेदार घोषित किया गया।

अब सवाल है कि क्या कांग्रेस तेजस्वी को चेहरा घोषित करने के बदले जो चाहती थी वह उसको मिल गया? इस सवाल का जवाब है कि कांग्रेस को तेजस्वी का नाम घोषित करने के बदले में कुछ नहीं मिला। कह सकते हैं कि 'न खुदा मिला न विसाले सनम'। बेइज्जती अलग से हुई। कांग्रेस को घुटने टेक कर नौ सीटें छोड़नी पड़ी, जिसमें जीती हुई सीट भी है। क्वालिटी सीट के नाम पर कोई अच्छी या नई सीट नहीं मिली यानी पुरानी ही सीटें लड़नी पड़ रही है, जिनमें पिछली बार स्ट्राइक रेट 27 फीसदी का था। कांग्रेस को राजद के खिलाफ खड़े किए गए अपने उम्मीदवारों को नाक रगड़ कर वापस लेना पड़ा और तेजस्वी के नाम की घोषणा भी करनी पड़ी। अपमान अलग से यह हुआ कि लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव ने कांग्रेस के उम्मीदवारों के खिलाफ जो उम्मीदवार खड़े किए थे उनमें से किसी का नाम वापस नहीं हुआ। कांग्रेस जिन 61 सीटों पर चुनाव लड़ रही है उन्हीं में से 10 सीटों पर दोस्ताना लड़ाई हो रही है। राजद की 143 में से सिर्फ दो सीट पर दोस्ताना लड़ाई है। लेकिन वह भी कांग्रेस के साथ नहीं वीआईपी के साथ। उसने कांग्रेस से उम्मीदवार वापस कराए, जबकि उसके उम्मीदवार कांग्रेस के खिलाफ लड़ रहे हैं। ऊपर से सीपीआई के साथ संबंध अलग बिगड़े। बिहार का लेनिनग्राद कहे जाने वाले बेगूसराय में सीपीआई की मजबूत बछवाड़ा सीट पर उम्मीदवार देकर कांग्रेस ने उसे ऐसा नाराज किया कि उसने कांग्रेस की जीती हुई सीट पर भी अपना उम्मीदवार उतार दिया और तमाम मान मनौव्वल के बाद भी नाम वापस नहीं लिया।

सोचें, जब लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव की हर बात मान ही लेनी थी तो अशोक गहलोत को भेजने की क्या जरुरत थी? वह काम तो कोई भी कर सकता था। मोलभाव या दबाव की राजनीति का मतलब होता है कि दोनों पक्ष कुछ कुछ समझौता करें। लेकिन यहां तो सारे समझौते कांग्रेस को करने पड़े! राजद ने कोई समझौता नहीं किया है। वह पिछली बार 144 सीटों पर लड़ी थी और इस बार 143 पर लड़ रही है। सीपीआई माले पिछली बार 19 पर लड़ी थी और इस बार 20 पर लड़ रही है। सीपीआई पिछली बार छह पर लड़ी थी तो इस बार नौ पर लड़ रही और सीपीएम पिछली बार चार पर लड़ी तो इस बार छह पर लड़ रही है। दूसरी ओर कांग्रेस पिछली बार 70 पर लड़ी थी और इस बार 61 पर लड़ रही है और उसमें भी 10 सीटों पर दोस्ताना लड़ाई है। यानी चौबे जी गए थे छब्बे जी बनने और दुबे जी बन कर आ गए।

असल में बिहार में कांग्रेस का कोई संगठन पिछले कई बरसों से नहीं है। पिछले सात साल में तो तीन अध्यक्ष और तीन प्रभारी बदले हैं लेकिन कांग्रेस का प्रदेश संगठन नहीं बना। कांग्रेस के पास कोई जातीय आधार नहीं है और न संगठन की मजबूती है। इस वास्तविकता को समझे बगैर राहुल गांधी ने बिहार में कांग्रेस के पुनरूत्थान का सपना पाला। सोशल मीडिया से भरी गई हवा से फुल कर कुप्पा हुए राहुल गांधी ने कांग्रेस के वेतनभोगी कर्मचारी कृष्णा अल्लावरू को बिहार का प्रभारी बना कर भेजा। राहुल गांधी की ओर से इम्पावर्ड किए गए अल्लावारू ने पटना पहुंचते ही टकराव की राजनीति शुरू कर दी। उन्होंने कांग्रेस के तमाम पुराने नेताओं को हाशिए में डाल दिया और राजेश राम व शकील अहमद खान के सहारे दलित और मुस्लिम का समीकरण बैठाना शुरू कर दिया, जिसका कोई जमीनी आधार नहीं था। यह सही है कि कांग्रेस के वोट पर ही प्रादेशिक पार्टियों की राजनीति चल रही है लेकिन उनसे अपना वोट वापस हासिल करने के लिए कांग्रेस को पहले संगठन के स्तर पर मजबूत होना होगा। इस बुनियादी वास्तविकता को समझे बगैर राहुल गांधी और अल्लावरू ने यह सोच लिया कि दबाव डाल कर लालू प्रसाद से न सिर्फ अच्छी सीटें हासिल कर लेंगे, बल्कि इसी बहाने अपना वोट बैंक भी वापस पा लेंगे। कांग्रेस को इस प्रयास में जोर का झटका बहुत जोर से लगा है।

कांग्रेस की सबसे बड़ी गलती अल्लावरू को प्रभारी बना कर भेजने की थी। अल्लावारू की जगह किसी राजनीति समझने वाले नेता को बिहार भेजा जाना चाहिए था, जो बारीकियों को समझता हो। मोटा मोटी सिद्धांत जानने और महत्वाकांक्षा पाल लेने से कुछ नहीं होता है। राजनीति की बारीकियों को समझने वालों को भी बिहार में राजनीति करने के लिए कुछ अतिरिक्त कौशल की जरुरत होती है। कांग्रेस ने अविनाश पांडे को देर से भेजा अगर वे पहले गए होते तो वे कांग्रेस की संगठनात्मक शक्ति, उम्मीदवारों की क्षमता और राजनीतिक नैरेटिव को समझ कर मोलभाव करते। अल्लावरू में वह समझ भी नहीं थे और वे लचीलापन भी नहीं ला पाए, जिसकी जरुरत थी। लालू परिवार ने उनकी इस कमजोरी को समझा और कांग्रेस को राजनीति को पंक्चर कर दिया। अल्लावरू और कुछ हद तक राहुल गांधी भी पप्पू यादव और कन्हैया कुमार के भरोसे लालू परिवार पर दबाव डाल पाने का भ्रम पाले रहे। इसका अंत नतीजा बहुत बुरा हुआ।

कांग्रेस ने समझा ही नहीं कि बिहार के तीन चौथाई जिलों में उसके पास संगठन के अच्छे नेता नहीं हैं और न अच्छे उम्मीदवार हैं। राजद को यह पता था कि कांग्रेस के पास अच्छे उम्मीदवार नहीं हैं। इसलिए उसने एक भी नई सीट कांग्रेस के लिए नहीं छोड़ी। अंत में दिखा कि कैसे कांग्रेस ने करीब डेढ़ दर्जन ऐसे उम्मीदवार चुनाव में उतारे, जो थोड़े दिन पहले तक भाजपा या जनता दल यू में थे। कई उम्मीदवार तो संघ की शाखा में जाने वाले थे। एक उम्मीदवार तो ऐसा उतारा, जिसने राहुल गांधी पर दर्जनों अपमानजनक पोस्ट सोशल मीडिया में डाले थे। विवाद बढ़ने पर उसकी उम्मीदवारी वापस ली गई। 60 फीसदी से ज्यादा मुस्लिम आबादी वाली एक सीट पर जीते हुए विधायक की टिकट काट कर एक कमजोर उम्मीदवार को टिकट दिया गया, जिसका क्षेत्र में जबरदस्त विरोध हुआ। पिछली बार महज 113 वोट से हारे एक उम्मीदवार की टिकट काट दी गई, जिसकी सार्वजनिक रूप से शिकायत कटिहार के सांसद तारिक अनवर ने की। पैसे पर टिकट बेचे जाने के ऐसे ऐसे आरोप लगे, जैसे पहले कभी नहीं लगे थे। तभी चुनाव के अधबीच कृष्णा अल्लावरू के पर कतरे गए। उनको यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी पद से हटाया गया और अविनाश पांडे को समन्वय के लिए भेजा गया।

कुल मिला कर कांग्रेस ने जो तेवर दिखाए और लालू प्रसाद को झुका कर कांग्रेस को स्थापित करने का जो दांव खेला वह बुरी तरह से पिट गया। जमीनी राजनीति और धारणा की राजनीति दोनों में कांग्रेस को नुकसान हुआ। साथ ही कांग्रेस ने समूचे महागठबंधन की संभावना को भी पलीता लगा दिया। पहले तो राहुल गांधी एकदम बिना मतलब का एसआईआर का मुद्दा लेकर बिहार में दो हफ्ते घूमे और उसके बाद जब राजनीति करने की बारी आई तो पता नहीं कहां लापता हो गए। उन्होंने राजनीति ऐसे नौसिखिया नेताओं के हाथ में दी, जिनको अपने क्षेत्र के बाहर कोई नहीं जानता था। अखिलेश प्रसाद सिंह, तारिक अनवर, मदन मोहन झा जैसे नेता शोपीस बना दिए गए और अल्लावरू, राजेश राम, शकील अहमद खान फैसले करते रहे!

**यह निजी विचार है।**

# अफगानिस्तान-पाकिस्तान संघर्ष के सियासी रंग, भारत अमेरिकी प्रभाव के दूरगामी परिणाम।

**संजीव ठाकुर,**



भारतीय उपमहाद्वीप का यह त्रिकोण भारत, अफगानिस्तान और पाकिस्तान एशिया की भू-राजनीति का सबसे संवेदनशील और जटिल क्षेत्र है। यह केवल सीमाओं का नहीं बल्कि सभ्यताओं, संस्कृतियों और विचारधाराओं का संगम है। तीनों देशों के रिश्ते प्राचीन इतिहास से लेकर आधुनिक काल तक निरंतर बदलते रहे हैं। कभी यह सांस्कृतिक सेतु रहा, तो कभी वैचारिक युद्ध का मैदान। और आज, यह क्षेत्र वैश्विक शक्तियों, विशेषकर अमेरिका और ब्रिटेन के प्रभावों से भी गहराई से प्रभावित है।

अफगानिस्तान भारत की सांस्कृतिक परिधि का हिस्सा रहा है। गांधार, तक्षशिला, बामियान जैसे नाम इस तथ्य की पुष्टि करते हैं कि भारत की बौद्ध और वैदिक परंपराएं सिंधु से काबुल तक प्रवाहित होती थीं। सम्राट अशोक के शिलालेख आज भी कंधार में मिलते हैं, और कुषाण काल की कला भारतीय सांस्कृतिक प्रभाव की साक्षी है। परंतु समय के साथ जब तुर्क और मुगल आक्रमणों के लिए यही अफगानिस्तान मार्ग बना, तो यह सांस्कृतिक सेतु धीरे-धीरे संघर्ष की भूमि में बदल गया। ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन ने इस भूगोल को अपनी सामरिक राजनीति का केंद्र बना लिया। उन्नीसवीं सदी के ÷ग्रेट गेम÷ में अफगानिस्तान रूस और ब्रिटेन के बीच बफर स्टेट घोषित हुआ, और 1893 में खींची गई दुर्रान रेखा ने पश्तून समुदाय को दो हिस्सों में बाँट दिया। यह सीमा आज भी अफगान-पाक संबंधों की सबसे बड़ी दरार है।

1947 में भारत के विभाजन ने इस त्रिकोण को निर्णायक रूप से बदल दिया। अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को प्रारंभ में मान्यता नहीं दी क्योंकि उसे अपने पश्तून क्षेत्रों की चिंता थी। वहीं भारत ने अफगानिस्तान के साथ अपने ऐतिहासिक सांस्कृतिक संबंधों को बनाए रखा। पर ब्रिटिश साम्राज्य द्वारा छोड़ी गई विभाजन की रेखाएँ दोनों के बीच अविश्वास के बीज बो गईं, जिनका असर आज तक है। इसके बाद शीतयुद्ध के काल में यह त्रिकोण वैश्विक शक्ति-संघर्ष का रणक्षेत्र बन गया। 1979 में सोवियत संघ के अफगानिस्तान प्रवेश के साथ अमेरिका ने पाकिस्तान को ÷फ्रंटलाइन स्टेट÷ बनाकर अफगान मुजाहिदीनों को हथियार और प्रशिक्षण दिया। पाकिस्तान की आई.एस.आई. को अमेरिकी डॉलर और सऊदी समर्थन मिला, जिससे आतंकवाद की वह संस्कृति पैदा हुई जिसने पूरे क्षेत्र को झुलसा दिया। भारत, जो सोवियत संघ का घनिष्ठ सहयोगी था, ने उस समय अफगानिस्तान की समाजवादी सरकार का समर्थन किया। इस प्रकार भारत-पाकिस्तान की प्रतिद्वंद्विता को एक नया आयाम मिला, और अफगानिस्तान की धरती शीतयुद्ध की प्रयोगशाला बन गई।

1989 में सोवियत सेनाओं की वापसी और उसके बाद की अस्थिरता ने पाकिस्तान को अल्पकालिक सामरिक लाभ तो दिया, पर दीर्घकाल में वही आग उसकी सीमाओं के भीतर फैल गई। 1990 के दशक में अमेरिका के समर्थन से पनपा तालिबान शासन पाकिस्तान के प्रभाव में तो आया, पर उसने अफगान समाज को मध्ययुगीन अंधकार में धकेल दिया। फिर 2001 में 9/11 के हमलों ने अमेरिका को एक बार फिर अफगानिस्तान खींच लिया। अमेरिका ने तालिबान शासन को समाप्त कर लोकतांत्रिक सरकार स्थापित की, और इस बार भारत को पुनर्निर्माण में सहयोग का अवसर मिला। भारत ने अफगानिस्तान में सड़कों, स्कूलों, अस्पतालों, और संसद भवन का निर्माण कर वहाँ के जनमानस में विश्वास अर्जित किया। यह भारत की सॉफ्ट पावर का सबसे प्रभावी प्रदर्शन था। परंतु अमेरिकी नीति दोधारी तलवार साबित हुई। वह विकास के बजाय आतंकवाद को समाप्त करने पर केंद्रित रही, और उसकी दृष्टि अफगान समाज की आंतरिक संरचना को समझने में असफल रही। पाकिस्तान ने अमेरिका को सहयोगी बनाकर अरबों डॉलर प्राप्त किए, पर उसी दौरान उसने तालिबान को भी गुप्त समर्थन दिया। यह द्वंद्व 2021 में अमेरिकी वापसी के साथ उजागर हो गया, जब तालिबान पुनः सत्ता में लौट आया। अमेरिका की यह वापसी न केवल अफगानिस्तान के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए अनिश्चितता की वापसी थी। पाकिस्तान को लगा था कि नया तालिबान शासन उसके अनुकूल होगा, पर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (ञ्ञ्ञ्क्ष) के बढ़ते हमलों ने उसकी नीति को उलझन में डाल दिया। अब पाकिस्तान उसी आतंकवाद का शिकार है, जिसे उसने कभी रणनीतिक संपत्ति कहा था।

भारत ने इस दौर में अत्यंत संयम और व्यावहारिकता दिखाई। उसने तालिबान शासन को औपचारिक मान्यता नहीं दी, पर मानवीय सहायता जारी रखी। भारत जानता है कि अफगानिस्तान की अस्थिरता का सीधा प्रभाव उसकी सुरक्षा पर पड़ेगा—विशेषतः कश्मीर और सीमा पार आतंकवाद के रूप में। इस परिस्थिति में भारत का उद्देश्य विकास और स्थायित्व को प्राथमिकता देना है, न कि सत्ता परिवर्तन में हस्तक्षेप करना। दूसरी ओर, अमेरिका अब प्रत्यक्ष उपस्थिति के बजाय 'नियंत्रित अस्थिरता' की नीति अपनाए हुए है ताकि वह चीन और रूस के बढ़ते प्रभाव को सीमित रख सके। यही कारण है कि अफगानिस्तान आज भी वैश्विक शक्ति-संतुलन का केंद्र बना हुआ है।

।ब्रिटिश औपनिवेशिक मानसिकता और उसकी छोड़ी हुई राजनीतिक रेखाएँ अब भी इस त्रिकोण की दिशा निर्धारित करती हैं। पाकिस्तान की सैन्य और नौकरशाही संरचना ब्रिटिश शासन की ही उपज है, जिसमें धर्म को राजनीति का औजार बनाया गया। वहीं अफगानिस्तान की आंतरिक अस्थिरता, ब्रिटिश और बाद में अमेरिकी प्रयोगों की देन है। भारत इस त्रिकोण में एकमात्र ऐसा देश है जिसने बिना किसी औपनिवेशिक मानसिकता के, केवल विकास और सांस्कृतिक संवाद की नीति अपनाई। वह न तो पश्चिम की कठपुतली बना, न किसी सामरिक गठबंधन का मोहरा।

वर्तमान में जब पाकिस्तान आर्थिक संकट और राजनीतिक अराजकता से जूझ रहा है, अफगानिस्तान तालिबान शासन के कठोर धार्मिक नियंत्रण में है, और अमेरिका इस पूरे क्षेत्र को अपने वैश्विक हितों की दृष्टि से देख रहा है, तब भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह शांति और विकास के माध्यम से इस क्षेत्र में स्थायित्व का संतुलन बनाए। भारत की कूटनीति आज ÷रणनीतिक स्वायत्तता÷ की दिशा में है—न तो शीतयुद्ध की गुटनिरपेक्षता, न ही किसी महाशक्ति की अधीनता।

यह त्रिकोणीय रिश्ता इतिहास की दृष्टि से जितना पुराना है, उतना ही जटिल भी। इसमें विश्वास और भय, संस्कृति और सत्ता, विकास और आतंकवाद—सब साथ-साथ चलते हैं। यदि तीनों देश यह समझ लें कि स्थायित्व और समृद्धि का मार्ग पारस्परिक सम्मान और सहयोग से ही निकलेगा, तो दक्षिण एशिया विश्व की नई शांति-भूमि बन सकता है। पर यह तभी संभव है जब पाकिस्तान अपनी ÷रणनीतिक गहराई÷ की नीति त्यागे, अफगानिस्तान अपने नागरिकों के लिए स्थिर शासन दे, अमेरिका अपने सामरिक प्रयोगों से पीछे हटे, और भारत अपने नेतृत्व को विकास और संवाद के माध्यम से सार्थक बनाए। तब यह त्रिकोण संघर्ष का नहीं, सहयोग का प्रतीक बनेगा और इतिहास का यह भू-भाग एक बार फिर सभ्यता, करुणा और स्थायित्व की भूमि कहलाएगा।

**यह निजी विचार है।**

# बिहार में चुनाव वास्तविक मुद्दों पर लड़ा जाएगा



**हरिशंकर व्यास**

इस बार ऐसा लग रहा था बिहार में चुनाव वास्तविक मुद्दों पर लड़ा जाएगा। विकास से जुड़े बुनियादी सवाल उठेंगे क्योंकि प्रशांत किशोर ने दो साल की पदयात्रा से लोगों को जागृत किया था। लोगों को ललकारा था कि वे अपने बच्चों के चेहरे देख कर वोट करें। प्रशांत ने मुस्लिम बस्तियों में जाकर उनको ललकारा कि वे भाजपा के भय से राजद और कांग्रेस का बंधुआ बने रहेंगे तो उसी दुर्दशा की हालत में रहेंगे, जिसमें अभी हैं। यादवों को भी ललकारा कि वे कब तक जाति के नाम पर लालू परिवार की गुलामी करेंगे। शिक्षा, स्वास्थ्य, पलायन, रोजगार आदि की बातें उन्होंने लोगों के दिल दिमाग में बैठाई थी। लेकिन पिछले तीन महीने में पूरा चुनाव घूम फिर कर मुफ्त की चीजों, सेवाओं के साथ साथ जाति, धर्म, घुसपैठिया और इसी तरह के कुछ अन्य भावनात्मक मुद्दों पर सिमट गया है।

असल में पिछले 20 वर्षों में या उससे पहले लालू प्रसाद व राबड़ी देवी के शासन के 15 वर्षों को जोड़ लें तो पिछले 35 साल की मंडल की राजनीति में बिहार में बुनियादी रूप से कुछ नहीं बदला है। विकास की सबसे बुनियादी कसौटी बीएसपी यानी बिजली, सड़क और पानी के अलावा बिहार में कुछ नहीं हुआ। एनडीए के नेता जिसे जंगल राज बताते हैं उस समय जो फैक्टरियां बंद हुईं वह नीतीश के 20 साल के राज में चालू नहीं हो सकीं। जो स्कूल बंद हुए या कॉलेजों की हालत जर्जर हुई, अच्छे शिक्षकों और डॉक्टरों की कमी हुई वह अब भी बनी हुई है। अस्पताल और मेडिकल कॉलेज नहीं खुल रहे हैं। डेढ़ दशक पहले मंजूर हुए केंद्रीय विश्वविद्यालयों के भवन अभी तक नहीं बन पाए हैं।

अगर लालू प्रसाद के राज में अपहरण उद्योग की कहानियां अमेरिका की पत्रिकाओं में छपती थीं तो आज जमीन, बालू और शराब के कारोबार की कहानियां प्रचलन में हैं। झारखंड का बंटवारा हुआ था तो कहा गया था बिहार में सिर्फ लालू और बालू बचे हैं। 25 साल बाद भी यह हकीकत है कि लालू हैं और बालू है। बालू के अवैध कारोबार से राजनेता और अपराधी दोनों पल रहे हैं। नीतीश कुमार ने 2016 में शराबबंदी की और उसके बाद पिछले नौ साल में अवैध शराब का कारोबार इतना फला फूला है कि बिहार में एक समानांतर अर्थव्यवस्था बन गई है। शराब के कारोबार और सिंडिकेट को बचाने के लिए अपराधी गिरोहों में खूनखराबा है। शराब और बालू के पैसे के निवेश का एकमात्र रास्ता जमीन की खरीद है। सो, जमीन के दाम अनापशनाप बढ़े हैं और उसके साथ ही जमीन विवाद से जुड़े आपराधिक मामले भी।

उद्योग के नाम पर इथेनॉल की कुछ फैक्टरियां लगी हैं। नीतीश के 20 साल के राज के बाद पहली बार उद्योग और निवेश की नीति आई है। पहली बार निजी निवेश की कुछ परियोजनाएं बिहार में आने की चर्चा है। इसका असर आने वाले सालों में क्या होता है यह देखने वाली बात होगी। अभी स्थिति यह है कि पहले की तरह ही लोग अवसर की तलाश में बिहार छोड़ कर देश भर के राज्यों में जा रहे हैं। जो सक्षम हैं वे अपने बच्चों को पढ़ने के लिए दूसरे राज्यों में भेज रहे हैं और जो सक्षम नहीं हैं उनके अनपढ़ या प्राथमिक शिक्षा लिए बच्चे देश भर में मजदूरी कर रहे हैं और होली, दिवाली, छठ पर भेड़ बकरियों की तरह ट्रेनों में लद कर बिहार जा रहे हैं। बिहार एक समय आईएएस, आईपीएस की फैक्टरी कहा जाता था। लेकिन उस फैक्टरी के बंद हुए दशकों हो गए। अभी रिटायर हो रहे भारत सरकार के सचिवों की बड़ी जमात बिहार के लोगों की है, जिन्होंने पटना साइंस कॉलेज, पटना वीमेंस कॉलेज, एएन या बीएन कॉलेज से पढ़ाई की है। लेकिन अब इन कॉलेजों की हालत ऐसी है कि न पढ़ने वाले हैं और न पढ़ाने वाले। चाहे लालू प्रसाद का राज रहा या नीतीश कुमार का दोनों सामाजिक समीकरण साध कर चुनाव जीतने की राजनीति करते रहे। **यह निजी विचार है।**

## राज्य स्तरीय स्पेशल कोर्स सम्पन्न –

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स कोरिया की टीम लौटी नई दिशा, नया जोश और नई उम्मीदों के साथ

एजेंसी

पाँच दिवसीय प्रशिक्षण में कोरिया टीम की रही शानदार सहभागिता – राज्य नेतृत्व के सानिध्य में स्काउटिंग आंदोलन को मिला नया आयाम

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (S.C.E.R.T), शंकर नगर रायपुर में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय पाँच दिवसीय स्पेशल कोर्स का समापन गरिमामयी वातावरण में सम्पन्न हुआ।

कोरिया जिले की टीम राज्य शीर्ष नेतृत्व की उपस्थिति में इस ऐतिहासिक प्रशिक्षण से नई ऊर्जा, नई प्रेरणा और नए अनुभवों के साथ जिले को लौट आई है।

प्रथम दिवस का उद्घाटन भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त मान. इन्दरजीत सिंह खालसा एवं राज्य सचिव जितेंद्र कुमार साहू की उपस्थिति में हुआ।

उन्होंने कहा कि ÷स्काउटिंग केवल प्रशिक्षण नहीं, बल्कि जीवन को अनुशासन और सेवा की भावना से जोड़ने की प्रक्रिया है।÷

इस अवसर पर प्रतिभागियों को स्काउटिंग के उद्देश्य, आदर्श और संगठनात्मक कार्यशैली पर विशेष मार्गदर्शन मिला। द्वितीय दिवसः बी.पी. सिक्स एवं ध्वज शिष्टाचार सत्रों के माध्यम से संगठनात्मक अनुशासन और नेतृत्व पर प्रशिक्षण दिया गया।

तृतीय दिवसः प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के अनुसार विभिन्न स्पेशल कोर्स मॉड्यूल्स पर गहन अध्ययन और कार्यशालाएँ आयोजित हुईं।

चतुर्थ दिवसः 7 नवम्बर 2025 यह दिन ऐतिहासिक रहा – भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य मुख्यालय भूमि पूजन माननीय शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के करकमलों से सम्पन्न हुआ। इसी दिन रायपुर इंडोर स्टेडियम में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का 75वां स्थापना दिवस, वन्दे मातरम् के 150 वर्ष तथा छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ का भव्य आयोजन राज्य मुख्य आयुक्त मान.इंद्रजीत सिंह खालसा जी के दिशा-निर्देशन एवं राज्य सचिव जितेन्द्र कुमार साहू जी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।





समारोह में माननीय मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, वित्तमंत्री साहित पूरे प्रदेश से लगभग 10,000 स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स, स्काउटर, गाइडर एवं पदाधिकारीगण शामिल हुए द्य जिसमें भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया की टीम ने अपने अनुशासन, उत्साह और सेवा भावना के साथ सम्मिलित हुए द्य

**कोर्स में कोरिया जिले की टीम ने विषयवार शानदार प्रशिक्षण प्राप्त किया —** जिला सचिव स्काउट्स सुरेंद्र राजवाड़े, जिला संगठन आयुक्त स्काउट नागेश्वर साहू लीडर ट्रेनर (स्काउट), जिला संगठन आयुक्त गाइड सुश्री आशा एक्का, जिला मीडिया प्रभारी स्काउट रवि प्रसाद बैगा, विकासखण्ड सचिव शिवप्रताप सिंह, एडवांस गाइड कैप्टन ममता सिंह सम्मिलित हुय जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में नवाचारपूर्ण विचार और प्रशिक्षण से संगठन की मजबूती को नई नई तकनीक जिससे बच्चों को ज़्यदा से ज्यादा लाभ हो सके और स्काउटिंग गतिविधियों नई को और सक्रिय किया जा सके सीखा द्य

**समापन दिवस - सर्वधर्म प्रार्थना और प्रेरक उधबोधन** - अंतिम दिवस सर्वधर्म प्रार्थना सभा के साथ प्रारंभ हुआ। समापन अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के *ज्वाइन डायरेक्टर माननीय श्री अमर बी छेत्री जी* का छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर आगमन हुआ उन्होंने छत्तीसगढ़ में स्काउटिंग के लगातार बढ़ते प्रभाव की सराहना की और कहा – > ÷छत्तीसगढ़ के स्काउट्स एवं गाइड्स पूरे देश में अनुशासन, सेवा और राष्ट्रप्रेम के प्रतीक बन रहे हैं।÷

उन्होंने आगामी प्रथम रोवरङ्करेंजर जम्बूरी के आयोजन, राष्ट्रीय जम्बूरी एवं अंतर्राष्ट्रीय जम्बूरी के आयोजन विस्तृत जानकारी प्रदान की और सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए एवं जिला संगठन आयुक्त स्काउट कोरिया नागेश्वर साहू को लीडर ट्रेनर (स्काउट) का प्रमाण पत्र प्रदान किया किए। गौरतलब है कि नागेश्वर साहू ने 01 से 07 दिसंबर 2023 तक राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी (म.प्र.) में प्रशिक्षण प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और हङ्मष्ट द्वारा दिए गए असाइनमेंट के अनुसार मृदा संरक्षण का किताब लिखा और संभाग के प्रथम लीडर ट्रेनर स्काउट होने का खिताब अपने नाम किया।

यह पाँच दिवसीय राज्य स्तरीय स्पेशल कोर्स कोरिया जिले के लिए एक मील का पत्थर साबित हुआ है। इससे न केवल संगठनात्मक दक्षता और नेतृत्व क्षमता में वृद्धि हुई है, बल्कि सेवा, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की भावना, स्काउटिंग के उद्देश्य को और सशक्त किया गया है, कोरिया की यह टीम अब जिले में स्काउटिंग गतिविधियों को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाने के संकल्प के साथ लौट आई है।

कोरिया जिले की टीम के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कलेक्टर एवं पदेन संरक्षक भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया चंदन संजय त्रिपाठी, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट शैलेन्द्र कुमार मिश्रा, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया के जिला मुख्य आयुक्त देवेंद्र तिवारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट कोरिया विनोद कुमार राय सहित जिले के सभी स्काउट एवं गाइड की टीम एवं सभी पदाधिकारियों में संयुक्त रूप से टीम को बधाई प्रेषित है ।



# राज्यपाल श्री रमेन डेका से जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने की सौजन्य मुलाकात

रायपुर, संवाददाता



राज्यपाल श्री रमेन डेका से छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा ने राजभवन रायपुर में सौजन्य भेंट की। उप राज्यपाल श्री सिन्हा ने राज्यपाल श्री रमेन डेका को माता वैष्णो देवी का पवित्र प्रसाद भेंट किया। राज्यपाल श्री डेका ने उपराज्यपाल श्री सिन्हा का छत्तीसगढ़ में स्वागत करते हुए उन्हें बस्तर आर्ट का प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इस यात्रा को अविस्मरणीय बनाने के लिए उपराज्यपाल ने राजभवन परिवार के साथ सामूहिक फोटो भी ली।

# राज्यपाल श्री रमेन डेका ने विद्यार्थियों और लखपति दीदियों को किया सम्मानित





**रायपुर,** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज यहां राजभवन में खैरगढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के गोद ग्राम-सोनपुरी के उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों एवं लखपति दीदियों को सम्मानित किया। राज्यपाल ने उन्हें अपने हाथों से प्रमाण पत्र दिया। श्री डेका ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत विभिन्न कौशल क्षेत्रों में प्रशिक्षण ले रहे विद्यार्थियों से बातचीत कर उन्हें अच्छे से अध्ययन करने और स्किल सीख कर आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने लखपति दीदियों से चर्चा कर उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। लखपति दीदियों ने जैविक खेती, ड्रोन के माध्यम से किये जा रहे कार्यो की जानकारी दी। सम्मान समारोह में राज्यपाल के गोदग्राम सोनपुरी के विद्यार्थी खुसाल वर्मा, कपिल वर्मा, टोपसिंग, पिमला वर्मा, खुशी, प्रिया वर्मा, पूजा, विनीता यादव को प्रमाण पत्र दिया गया। साथ ही जैविक कृषि सखी श्रीमती राधा वर्मा, ड्रोन दीदी श्रीमती सवित्री साहू, स्वच्छग्राही श्रीमती गोदावरी और निता वर्मा को सम्मान प्रमाण पत्र दिया गया।



# कोयम्बटूर में आयोजित संस्कृत अधिवेशन में गूंजा हमारा राजगीत – पं. चन्द्रभूषण शुक्ला

**( संस्कृतभारती के कार्यकर्ताओं ने कोयम्बटूर मे बढ़ाया छत्तीसगढ़ का मान - राजगीत, सरगुजिया गीत व राउत नाचा से बांधा समा)**

संवाददाता लोकशक्ति ।

कोयम्बटूर मे तीन दिवसीय विश्वस्तरीय संस्कृत अधिवेशन सम्मेलन का आयोजन संस्कृत भारती संगठन द्वारा आयोजित किया गया है जिसमें भारत सहित विभिन्न देशों के संस्कृत विद्वान प्रतिनिधि, अनेक विश्वविद्यालयों के कुलपति, प्राध्यापक, अनेक जनप्रतिनिधि सहित संस्कृत भारती के हजारों कार्यकर्ता शामिल हो रहे हैं। अधिवेशन में संस्कृत भाषा से सबंधित बहुत से कार्यक्रम आयोजित हैं तथा संस्कृत विज्ञान प्रदर्शनी है जिसमें शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ से भी बहुत से कार्यकर्ता गए हैं।




संस्कृतभारती रायपुर संभाग के प्रचार प्रमुख पं. चंद्रभूषण शुक्ला एवं संयोजक दुर्गेश तिवारी ने बताया की विदेशी प्रतिनिधियों के अलावा भारत देश के अधिकतर राज्यों से संस्कृत भारती के कार्यकर्ता एवं संस्कृत विद्वान इस कोयम्बटूर अधिवेशन में शामिल हुए हैं। हमारे छत्तीसगढ़ से गए हुए कार्यकर्ताओं ने कोयम्बटूर में हमारे प्रांत का राजगीत अरपा पैरी के धार सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया तथा सरगुजिया गीत एवं राउत नाचा संस्कृत भाषा में प्रस्तुत कर छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया। छत्तीसगढ़ से डॉ. सतेंद्र सिंह सेंगर, डॉ. राजकुमार तिवारी, डॉ. गोपेश तिवारी, डॉ. वैभव कान्हे, डॉ. प्रवीण झाड़ी, हेमंत साहू, डॉ. लूनेश वर्मा, डॉ. व्यास नारायण, नरेंद्र साहू, दुर्गेश तिवारी, खुमेंद्र साहू, राजेश भगत, दामोदर सोनी, राकेश तिवारी, गंगाराम पैकरा, होमेश चन्द्राकर, प्रेमानंद महिलांग सहित अन्य बहुत से पुरुष कार्यकर्ता तथा साथ ही डॉ. दिव्या, डॉ. आकांक्षा विश्वकर्मा, नीलम श्रीवास्तव, मीरा वर्मा, ईश्वरी देवांगन, अनुपा, आरती राजपूत, श्रीमती रूपाली तिवारी, श्रीमती पिंकी साहू, असरिता पैकरा, राजकुमारी कैवर्त्य, सहित और भी बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता शामिल होकर छत्तीसगढी नृत्य प्रस्तुत किये। डॉ. दादूभाई त्रिपाठी एवं संस्कृत भाषा के प्रचारक पं. चन्द्रभूषण शुक्ला ने बताया कि उक्त सम्मेलन में संस्कृत भाषा की बारीकियाँ, संस्कृत के विविध ग्रंथ का वाचन, संस्कृत भाषा पर किये जा रहे शोध, संस्कृत के विभिन्न ग्रंथ का विमोचन, बोलचाल मे उपयोग के साथ विज्ञान मे संस्कृत विषय पर विशेष चर्चा किया गया एवं संस्कृत मे गीत के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी संपन्न हुआ जिसमें विशेष कर छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ता छत्तीसगढी राज्य गीत, सरगुजिया गीत एवं राउत नाचा प्रस्तुत किये।

इस अधिवेशन में बहुत भारी संख्या में संस्कृत के विद्वान और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही जो कोयम्बटूर मे तीन दिन तक संस्कृत मय वातावरण रहा। इस अधिवेशन में अमेरिका, इंडोनेशिया, नेपाल, रूस, फ्रांस, जापान सहित करीब 26 देशों के संस्कृत विद्वान प्रतिनिधि शामिल हुए जो संस्कृत की रूपरेखा, संस्कृतभारती द्वारा सरल माध्यम से सिखाये जा रहे प्रशिक्षण और विशाल संस्कृत विज्ञान प्रदर्शनी का लाभ लिए। कार्यक्रम मे विद्वानों द्वारा संस्कृत का विज्ञान में महत्व और आयुर्वेद में संस्कृत तथा अभी तक हुवे अविष्कारों में संस्कृत के योगदान के बारे में विस्तार से बताया गया क्योंकि अधिकतर अविष्कार का मूल सूत्र संस्कृत के प्राचीन ग्रन्थों, वेद, उपनिषदों में वर्णित है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 11 हितग्राहियों की निकली लॉटरी

**दुर्ग** नगर पालिङ निगम दुर्ग सीमा अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (एएचपी घटङ) ङे तहत नगर निगम क्षेत्र ङी चार प्रमुख साइट गणपति विहार, सरस्वती नगर, गोङुल नगर एवं मां ङर्मा में निर्मित आवासों ङे शीघ्र भरने ङी प्रक्रिया जारी है। आङर्षङ डिज़ाइन और ङम ङीमत में शहर ङे भीतर बने ये मङान नागरिङों ङे बीच खासा उत्साह पैदा ङर रहे हैं।नगर निगम ङे अनुसार, इन स्थलों पर हितग्राहियों द्वारा निरंतर आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। आवेदङों ङा चयन लॉटरी प्रणाली ङे माध्यम से ङिया जाता है। इसी क्रम में आज महापौर अलङा बाघमार ने एमआईसी सदस्य, पार्षदों और अधिङारियों ङी उपस्थिति में ङुल 11 हितग्राहियों ङी लॉटरी निङली।इनमें गणपति विहार से 3, गोङुल नगर से 3, सरस्वती नगर से 3 और मां ङर्मा साइट से 2 हितग्राही शामिल हैं।


चयनित हितग्राहियों ने योजना ङी प्रथम ङिश्त राशि पहले ही जमा ङर दी थी। हितग्राहियों ङे शेष राशि 9 माह ङे भीतर जमा ङरने ङी समयसीमा दी गई है। पूरी राशि 10 माह ङे भीतर जमा ङरने पर ही आधिपत्य पत्र प्रदान ङिया जाता है। इस अवसर पर शेखर चंद्राकर, लीना दिनेश देवांगन,देवनारायण चंद्राङर,सरिता चंद्राङर, सावित्री दमाहे,रेखा बंजारे,रंजीता पाटिल,सुरुचि उमरे,ङार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा,सचिन ताम्रङर सहित अन्य मौजूद रहें। कार्यक्रम ङे दौरान गणपति विहार ङी श्रीमति जहिदा बेगम ङे सम्पूर्ण राशि जमा ङरने ङे उपरांत आधिपत्य पत्र प्रदान ङिया गया।

# विकसित भारत 2047 के लिए जल सुरक्षा बढ़ाने हेतु उपचारित जल की क्षमताओं पर प्रकाश डाला गया

**उपयोग को बढ़ाने के लिए समान मानकों को अपनाने पर सहमति बनी**

**शहरी और ग्रामीण भारत दोनों में उपचारित जल के दोबारा इस्तेमाल को अपनाने की ज़रुरत पर बल दिया गया**

**डेटा सेंटर जैसी उभरती ज़रुरतों को पूरा करने के लिए उपचारित जल के उपयोग का सुझाव दिया गया**



**पीआईबी।** नीति आयोग ने कर्नाटक सरकार और बेंगलुरु जल आपूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड (बीडब्ल्यूएसएसबी) के सहयोग से ,अपने राज्य सहायता मिशन के तहत 6-7 नवंबर 2025 को बेंगलुरु में ÷भारत में उपचारित अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग÷ पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में नीति आयोग के माननीय सदस्य डॉ. विनोद के. पॉल और कर्नाटक सरकार की मुख्य सचिव श्रीमती (डॉ.) शालिनी रजनीश और 18 राज्यों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इसमें थिंक टैंक, उद्योग जगत के नेताओं, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों, यूनिसेफ दक्षिण भारत के लिए इज़राइल सरकार के प्रतिनिधि, सिंगापुर जल संघ और ज्ञान साझेदारों के नीति विशेषज्ञों ने भाग लिया, ताकि कृषि, घरेलू गैर-पेयजल और औद्योगिक उपयोग के लिए उपचारित जल के उपयोग को बढ़ाने में चुनौतियों, अवसरों और नवाचारों पर विचार-विमर्श किया जा सके। उभरते मीठे पानी के संकट के संदर्भ में, डॉ. पॉल ने विकसित भारत 2047 के लिए एक बेहतर दृष्टिकोणके लिए प्रयुक्त जल के पुनः उपयोग की संभावनाओं का अधिकतम उपयोग करने की ज़रुरत पर बल दिया, पुनः उपयोग पर राज्य स्तरीय नीतियों की ज़रुरत और विभिन्न उपयोगों के लिए लागू करने योग्य सामान्य मानक विकसित करने, डेटा सेंटर जैसे उभरते जल आवश्यकता वाले क्षेत्रों के लिए प्रयुक्त जल के पुनः उपयोग को एकीकृत करने, पुनः उपयोग के स्वास्थ्य संबंधी पहलुओं और व्यवहार परिवर्तन पर बल दिया। उपचारित अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग को बढ़ाने से, जल सुरक्षा बेहतर करने, मीठे पानी पर निर्भरता कम करने, जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीलापन बढ़ाने और संसाधन चक्रीयता के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने के लिए एक बदलावकारी मौका मिलता है। उन्होंने उपचारित जल के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए कर्नाटक सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की भी सराहना की।

कर्नाटक सरकार की मुख्य सचिव ने शहर में 2024 की संकटकालीन स्थिति में राज्य द्वारा की गई अग्रणी पहलों का उल्लेख किया, जैसे झीलों के पुनरुद्धार के लिए प्रयुक्त जल का पुनः उपयोग और औद्योगिक माँग को पूरा करना। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से देश और राज्य के लिए रणनीतिक विचारों के साथ आगे आने की अपील की, ताकि पुनः उपयोग क्षमता में सुधार के लिए कदम उठाए जा सकें।

कार्यक्रम के प्रतिभागियों ने 2030 तक मज़बूत राज्य-स्तरीय नीतियों और बहु-उपयोग अनुप्रयोगों के लिए स्पष्ट साझा मानकों की ज़रुरतों पर ज़ोर दिया। इसके अलावा प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए ग्रिड अवसंरचना और उपयोगकर्ता के स्वास्थ्य के नज़रिए से वास्तविक समय गुणवत्ता निगरानी प्रणालियाँ और उपयोगिताओं के भीतर क्षमता निर्माण की स्थापना के महत्व पर भी ज़ोर दिया गया। विकेन्द्रीकृत उपचार प्रणालियों के लिए लागत-प्रभावी तकनीकों और टिकाऊ संचालन तथा रखरखाव ढाँचों की ज़रुरत को उपचारित जल के पुनः उपयोग के लिए ठोस कारकों के रूप में पहचाना गया।

## रासेयो ईकाई सुखरीकला के स्वयंसेवको ने सीखा बांस हस्तशिल्प कला

# बांस हस्तशिल्प शिल्प रोजगार एवं लघु उद्योग का मिसाल



जांजगीर चांपा/

राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई सुखरीकला के स्वयंसेवको ने कार्यक्रम अधिकारी आरके राठौर एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी एमआर राज के मार्गदर्शन मे तथा संस्था प्रमुख प्राचार्य बीएल चौधरी के निर्देशन मे समीपस्थ ग्राम भदरापाली (बहेराडीह)मे जा कर बांस शिल्प हस्त कला सिखे। ग्राम भदरापाली के बंसोर जाति के द्वारा बांस हस्तशिल्प कला के द्वारा उपयोगी वस्तु झांपी, सूपा, टोकरी, पर्री -पर्रा, टुकनी, झउहा,छिपी, मछली पकड़ने की जाल, ट्री गार्ड, फूलदान, पेनदान, चटाई, हाथ पंखा, सोफा, कुर्सी, और झूले फर्नीचर आदि चीजे हाथो से बनाते है। रासेयो स्वयंसेवक आर्यन टंडन, रघुबीर सिंह कंवर, गौकरण, जागृति मन्नेवार,कंचन, किरण, कृति,प्राची, नम्रता बरेठ, अंजलि, दुर्गेश्वरी कश्यप, निशा बरेठ, सहित छात्र छात्राओ ने छिपी, सूपा, पर्रा,टोकरी,झ उहा,आदि कई बांस हस्तशिल्प कला सिखे। विद्यालय के व्याख्याता श्रीमति मौसमी अवस्थी तथा श्रीमति अनिता साहु ने बालिका स्वयंसेवको को बांस हस्तशिल्प बनाने मे सहयोग कर बांस के टोकरी का निर्माण किये। कार्यक्रम मे एलएन सोनकर सहित विद्यालय के स्वयंसेवको का सक्रिय सहयोग रहा।

ज्ञात रहे कि ग्राम बहेराडीह समीपस्थ भदरापाली मे कुछ बंसोर जाति के लोगो का बांस हस्तशिल्प कला जीविकोपार्जन का मुख्य साधन है। गांव के किसानो से कच्चा बांस खरीदकर ये बंसोर जाति के लोग बांस के उपयोगी एवं सजावटी वस्तुए बनाकर बाजार मे बेज कर दैनिक दिनचर्या का जीविकोपार्जन करते है।



## प्रकरण में एक विधि विरुद्ध संघर्षरत बालक भी शामिल

### सोलह लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब परिवहन करते आरोपी को पामगढ़ पुलिस ने पकड़ा

**जांजगीर चांपा /** सोलह लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी को पामगढ़ पुलिस ने पकड़ा है जिसमें एक नाबालिक बालक भी शामिल है। ज्ञात हो कि विजय कुमार पाण्डेय पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में जिले में अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए जिला पुलिस जांजगीर द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है । इसी क्रम में थाना पामगढ़ पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही कर आरोपी सूर्यप्रकाश मनहर एवं 1 विधि के विरुद्ध संघर्षरत बालक को मोटर सायकल से अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री हेतु परिवहन करते पकड़ा । उनके कब्जे से पन्नी पाऊच में रखे कुल 16 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 1600 रूपए एवं घटना में उपयोग मोटर सायकल को जप्त कर आबकारी एक्ट का घटित करना पाए जाने से विधिवत कार्यवाही कर थाना पामगढ़ में अपराध क्रमांक 534/25 धारा 34 (2)आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है एवं विधि के विरुद्ध संघर्षरत बालक के विरुद्ध विधिवत कार्यवाही किया गया। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक मनोहर सिन्हा थाना प्रभारी पामगढ़, स.उ.नि. रामदुलार साहू, आर. विश्वजीत सिंह आदिले, राघवेंद्र, भुनेश्वर पटेल, महेश राज शामिल रहे।

# धान के अवैध भंडारण करने वाले के विरुद्ध की गई कार्यवाई



**जांजगीर-चांपा /** कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे के निर्देशन में खाद्य विभाग एवं मंडी के संयुक्त जांच दल द्वारा धान के अवैध भंडारण करने वाले के विरुद्ध आकस्मिक छापामार की कार्यवाही की गई। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि विकासखंड बलौदा के ग्राम पंचायत जर्वे च में यादव ब्रदर्स के प्रोपराइटर मणिशंकर यादव के गोदाम से 127 बोरा धान मात्रा 51 क्विंटल, तरूण ट्रेडर्स के प्रोपराइटर सुरेंद्र गिरी गोस्वामी से 80 बोरा धान मात्रा 32 क्विंटल एवं मां सरस्वती टेड्रर्स के प्रोपराइटर योगेश कश्यप के गोदाम से 90 बोरी धान मात्रा 36 क्विंटल मंडी अधिनियम के तहत जप्ती की कार्यवाही की गई।

## विचाराधीन बंदी के फरार होने के मामले में जेल प्रहरी को किया बर्खास्त

जांजगीर चांपा / कार्यालय पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा से जेल प्रहरी के लापरवाही बरतने के संबंध में प्रतिवेदन भेजा गया था , जिस पर कार्यवाही करते हुए जेल विभाग द्वारा उसे बर्खास्त कर दिया गया है । ज्ञात हो कि धोखाधड़ी के मामले में आरोपी पंचराम निषाद उर्फपंचू पिता गणेश राम निषाद उम्र 37 वर्ष निवासी चंदेली थाना चंद्रपुर हाल मुकाम संतोषी मंदिर के पास सरायपाली जिला महासमुंद जो जिला जेल में निरुद्ध था। उसे इलाज हेतु जिला अस्पताल जांजगीर में भर्ती कराया गया था। ड्यूटीरत जेल प्रहरी भुनेश्वर सिंह पैकरा जिला जेल खोखरा भांठा जांजगीर का लापरवाही पूर्वक ड्यूटी करने से दिनांक 8 नवंबर 2025 को कैदी भागने में सफल हो गया द्य उक्त जेल प्रहरी को उपरोक्त कदाचरण के लिए सेवा से पृथक किया गया।

## निधन - रघुवर दास



**जांजगीर चांपा** / परसाही नाला अकलतरा निवासी रघुवरदास मानिकपुरी का गत 3 नवंबर को निधन हो गया , जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया । उनकी अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में पारिवारिक जन , स्थानीय ग्रामवासी , नाते रिश्तेदार उपस्थित रहे । उनका दशगात्र कार्यक्रम 12 नवंबर को स्थानीय निवास में संपन्न होगी ।

# महात्मा वही है जो अपने देशवासियों के लिए राम राज्य की कल्पना करता है - सियाराम शरण दास जी महाराज



### दो दिन का मेला फिर चला चली का खेला

संवाददाता।

भरतजी ने अर्थ का भी त्याग कर दिया, धर्म का भी परित्याग कर दिया और काम तथा मोक्ष का भी पारित्याग कर दिया। जब जीवन में मोक्ष का भी परित्याग हो जाए तब हम राम दर्शन के अधिकारी हो जाते है यह बातें अवधपुरी धाम, उत्तर प्रदेश से पधारे हुए अनंतश्री विभूषित श्री स्वामी सियाराम शरण दास जी महाराज ने श्री दूधाधारी मठ, सत्संग भवन, रायपुर में आयोजित संगीतमय श्री राम कथा एवं भव्य संत सम्मेलन में श्रोताओं को श्रीराम कथा का रसपान कराते हुए उद्धृत किया। उन्होंने कहा कि *अर्थ चाहिए न धर्म काम चाहिए। कौशल्या कुमार मुझे राम चाहिए।। पुत्र वह होता है जो पिता के सत्य की रक्षा करें, पिता के धर्म की रक्षा करें प्रभु श्री रामचंद्र जी ने और भाई भरत जी दोनों ने यही किया। कौवा का काम करना है तो कौवा बनकर जाना चाहिए। रावण ने सीता जी का हरण साधु का वेश धारण करके किया यही उसकी नालायकी है। सीता और राम को उन्होंने एक ही निरूपित करते हुए कहा कि सीता और राम दो दिखते जरूर है लेकिन यह दो नहीं एक ही है! सीता ही राम है राम ही सीता है। उन्होंने कहा सर्प कभी बिल नहीं बनाता वह चूहे के बिल में रहता है और मजे के साथ चूहे का ही नास्ता करता है। तुलसी सोई चतुर नर जो राम भजन में लीन। इस संसार में उसी व्यक्ति का जीवन सार्थक है जो राम के भजन में लीन हैं। यह संसार दो दिनों का मेला है, फिर चला चली का खेला है। प्रथम जन्मदिन दूसरा मरन दिन। उन्होंने कहा कि नारी भोग्या नहीं है आराध्या है। यह कमनीय नहीं बंदनीय है। महात्मा वही है जो अपने देशवासियों के लिए राम राज्य की कल्पना करता है गांधी जी ने राम राज्य की संकल्पना की इसीलिए लोग उन्हें महात्मा कहते हैं।

श्रीराम कथा के अष्टम दिवस भगवान के चरित्र का रसपान करने के लिए लोग काफी दूर-दूर से कथा स्थल में उपस्थित हुए। मंच पर महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज मुख्य यजमान के रूप में हमेशा की तरह विराजित थे।

## संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह महोत्सव मारुति विहार कॉलोनी, चांपा में 12 नवंबर से




जांजगीर-चांपा।

मारुति विहार कॉलोनी, बी.डी.एम. हॉस्पिटल के पीछे, चांपा में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह पावन कथा 12 नवम्बर से 19 नवम्बर 2025 तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक मारुति विहार कॉलोनी, बीडीएम अस्पताल के पीछे आयोजित होगी। इस आध्यात्मिक आयोजन में छत्तीसगढ़ के गौरव, राष्ट्रीय कथा वाचक पूज्य श्री नारायण महाराज जी (राधे निकुंज रोहिणी धाम, भिलाई-3) अपने मधुर वाणी में कथा वाचन करेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन श्री रामबिलास देवांगन परिवार द्वारा किया जा रहा है। परिवार की ओर से सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि वे सपरिवार पधारकर कथा श्रवण कर भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य आशीर्वाद का लाभ प्राप्त करें।

# सोशल मीडिया का सहारा लेकर अपने आप को पत्रकार बता रहे सूदखोर, अपराधी, कबाड़ी, रेत माफिया, भू-माफिया और खनन माफिया

### जांजगीर-चांपा जिले में बेधड़क काम कर रहा फ़ ज़्री और वसूलीबाज पत्रकारों का एक संगठित गिरोह

### सम्मानित पत्रकार महसूस कर रहे अपमानित

जिले में फर्जी पत्रकारों की लगातार बढ़ती संख्या से न सिर्फ छोटे कर्मचारी से लेकर अधिकारी परेशान हैं, बल्कि खुद समाज में सम्मानित पत्रकार भी अब अपमानित महसूस करते नजर आते हैं। कुछ फर्जी पत्रकार तो अपनी गाड़ियों के आगे-पीछे से लेकर वीआईपी विस्टिंग कार्ड भी छपवा रखे है, जो लोग पुलिस की चेकिंग के दौरान उनको प्रेस (मीडिया) का धौंस भी दिखाते हैं। गाड़ी रोकने पर पुलिसकर्मी से बद्तमीजी पर भी उतारू हो जाते हैं। इनमें से तो बहुत से ऐसे लोग हैं, जो पेशे से सूदखोर, भू-माफिया और अपराधी हैं, वे पत्रकारिता की आड़ में तमाम अवैध कृत्यों को अंजाम दे रहे हैं।

जांजगीर-चांपा।

जिले में इन दिनों पत्रकारों की बाढ़ आ गई है। सूदखोर, अपराधी, कबाडी, रेत माफिया, भू-माफिया, कोल माफिया आदि सोशल मीडिया का सहारा लेकर अपने आप को पत्रकार बता रहे हैं। सोशल मीडिया से डिजिटल इंडिया को बढ़ावा तो मिला है लेकिन, इन फर्जी पत्रकारों के लिए यह किसी वरदान से काम नहीं है। इनका एक संगठित गिरोह जिले भर में काम कर रहा है। यह पहले व्हाट्सएप पर ग्रुप बनाते हैं, उसमें सभी अधिकारी व कर्मचारियों एवं अन्य लोगों का नंबर जोड़ते हैं और कॉपी न्यूज़ या दूसरों से खबर लिखवा कर ग्रूप में डाल देते हैं और फिर पत्रकारिता की धाक बताते हैं। इन्हें लगता है कि पत्रकारिता का सहारा लेकर अपने गैरकानूनी कामों को यह अंजाम दे पाएंगे, पर इन्हें नहीं पता कि पुलिस के चाबुक से कोई नहीं बच पाया है।इनकी वजह से जिले भर के वास्तविक पत्रकारों की छवि में आंच रही है। आलम यह है कि स्वार्थवास कुछ मीडिया संस्थान और पोर्टल वालों के द्वारा प्रेस कार्ड का गोरखधंधा किया जा रहा है। संबंधित मीडिया संस्थानों द्वारा चंद रूपए लेकर अनाप-शनाप तरीके से अपात्र लोगों को प्रेस कार्ड बांटा जा रहा है। वहीं प्रेस कार्ड रखने वाले अपात्र लोग पत्रकारिता की आड़ में तमाम् तरह के अवैध कारोबार को अंजाम दे रहे हैं। ऐसा नहीं है कि ऐसे लोगों के खिलाफशासन-प्रशासन तक शिकायत नहीं पहुंच रही है। समय-समय पर इनके खिलाफशिकायत भी पहुंच रही है, लेकिन पुलिस और प्रशासन के अधिकारी ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

**डरा-धमकाकर लोगों से करते हैं अवैध वसूली** - फर्जी पत्रकार जिले भर में घूम-घूमकर अवैध कृत्यों को अंजाम देने के साथ ही डरा-धमकाकर लोगों से अवैध वसूली करने से गुरेज नहीं कर रहे हैं। इसी वजह से जिले समेत पूरे प्रदेश में इन दिनों फर्जी पत्रकार बनने और बनाने का गोरखधंधा तेजी से बढ़ता जा रहा है। सड़कों पर दिखने वाली हर चौथी गाड़ी में से एक गाड़ी में जरूर प्रेस लोगो दिखता नजर आ जाएगा।

**आईडी कार्ड बनवा कर दिखाते है रौब** - ये फर्जी पत्रकार अपनी गाड़ियों में बड़ा-बड़ा प्रेस का मोनोग्राम तो लगाते ही हैं। साथ ही फर्जी आईडी कार्ड भी बनवाकर अधिकारियों-कर्मचारियों व लोगों को रौब में लेने का प्रयास भी करते हैं। कुछ संस्थाएं तो ऐसी हैं, जो एक हजार रूपए से लेकर पांच हजार रूपए जमा करवाकर अपने संस्थान का कार्ड भी बना देती है और बेरोजगार युवकों को गुमराह कर उनसे धन उगाही करवाती है, लेकिन पकड़े जाने पर वो संस्थाएं भी भाग खड़ी होती हैं।

## सलखन गौठान में हुए मवेशियों के मृत्यु मामले में सरपंच को किया गिरफ्तार

जांजगीर चांपा /



सलखन गौठान में हुए मवेशियों की मौत मामले पर सरपंच को शिवरीनारायण पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है । ज्ञात हो पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा श्री विजय कुमार पाण्डेय आईपीएस के निर्देशन में ग्राम सलखन गौठान में हुए मवेशियों की मृत्यु को गंभीरता से दृष्टिगत रखते हुए उचित जांच कर वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किये जाने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चांपा यदुमणि सिदार के नेतृत्व में थाना प्रभारी शिवरीनारायण एवं पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी रामप्रसाद बघेल को जांच हेतु निर्देशित किया गया था। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 6 अक्टूबर 2025 को ग्राम पंचायत सलखन के गौठान में मवेशियों के मृत होने की सूचना पर सूचना की जांच हेतु सउनि रामप्रसाद बघेल मौका जांच हेतु ग्राम सलखन गौठान हमराह स्टाफके रवाना किया गया था। ग्राम पंचायत सलखन के गौठान जो ग्राम कचंदा जाने मार्ग पर स्थित है , गौठान के सामने रोड किनारे झटका तार से घेरा किया गया है । गौठान के क्षेत्रफल अंदर में ही नवा तालाब है जिसके चारो तरफतालाब के मेढ़ के उपर में कुछ मवेशी मेढ़ के नीचे तथा कुछ मेढ़ के उपर कुल 14 नग मवेशी (7 गाय तथा 7 बैल) मृत हालत में तथा 5 नग मवेशी के कंकाल पड़े मिले । 3 नग मवेशी घायल अवस्था मे मिले, जिसका ईलाज कराया गया, तत्पश्चात मृत गायों एवं बैल तथा कंकाल का पंचनामा गवाहों के उपस्थिति में किया गया। मृत मवेशियों तथा कंकाल का पशु चिकित्सक से पोस्टमार्टम कराकर थाना शिवरीनारायण में अपराध क्रमांक 493/2025 धारा 325 इ्ठह्य एवं 11(1)(क) पशु क्रूरता अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया है। गोठान में मृत मवेशियों के मामले में आरोपी सरपंच के विरुद्ध विधिवत कार्यवाही किया गया है। उसके अतिरिक्त क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आरोपी सरपंच को गिरफ्तार कर कार्यपालिक दंडाधिकारी शिवरीनारायण के न्यायलय में पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी थाना प्रभारी शिवरीनारायण, सहायक उपनिरीक्षक रामप्रसाद बघेल पुलिस सहायता केंद्र राहौद , आरक्षक प्रवीण कुमार साहू, विवेक सिंह थाना शिवरीनारायण का योगदान रहा।

# सुने घर का ताला तोड़कर चोरी करने वाले चार आरोपियों को मुलमुला पुलिस ने पकड़ा

**जांजगीर चांपा /** सूने घर का का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को मुलमुला पुलिस ने पकड़ा है । मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 7 नवंबर 25 की सबुह घर का ताला तोडकर घर में रखे चावल एवं धान की कटटी, बर्तन एंव नगदी रकम को आरोपियों के द्वारा चोर चोरी कर ले जाने की घटना सामने आया। प्रार्थी विमलेश कुमार महिपाल निवासी नरियरा थाना मुलमुला की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। चोरी जैसे प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा विजय कुमार पाण्डेय आईपीएस के निर्देशन में अज्ञात आरोपी एवं चोरी गए सामनों की थाना मुलमुला द्वारा पतासाजी की जा रही थी। इसी क्रम में मुखबिर सूचना पर अवधेश महिपाल, धीरेन्द्र सिह महिपाल, आशीष महिपाल, फूलेश्वर कुमार महिपाल चारो नरियरा निवासी को पकड़ा । उन्हे हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर प्रार्थी के घर से सुबह ताला तोडकर घर में रखे चावल 30 किलो चावल को चोरी करना स्वीकार किये , शेष नगदी रकम , एंव बर्तन चोरी नही करना स्वीकार किये जाने से घटना में प्रयुक्त ताला काटने का हथियार को बरामद कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

उपरोक्त कार्यवाही निरीक्षक पारस पटेल थाना प्रभारी मुलमुला, सउनि प्रमोद महार, प्र.आर. सितेश यादव , आरक्षक मनभावन पटेल, आरक्षक हेमंत खरे, ओमप्रकाश डहरिया शामिल रहे।



## खास खबर

### अग्निवीर षारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु दिया जा रहा नि:षुल्क प्रषिक्षण

पात्र अभ्यर्थी जिला रोजगार कार्यालय में कर सकते हैं संपर्क

कोरबा। अग्निवीर थल सेना में भर्ती हेतुलिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को सीएसईबी ग्राउंड कोरबा में नि:षुल्क षारीरिक प्रषिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रषिक्षण 31 दिसंबर तक प्रदान किया जायेगा। जिले के इच्छुक उत्तीर्ण युवक प्रषिक्षण प्राप्त करने हेतु जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्षन केंद्र कोरबा में संपर्क कर सकते हैं।

### सहकार्य बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति कोरबा के जारी मतदाता सूची के सम्बंध में दावा आपत्ति 10 नवंबर तक आमंत्रित

कोरबा। सहकार्य बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति मर्यादित कोरबा के मतदाता सूची का प्रकाशन 03 नवंबर को किया गया है।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहकार्य बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति मर्यादित कोरबा पंजीयन क्रमांक 345 से प्राप्त जानकारी अनुसार जारी मतदाता सूची के सम्बंध में सदस्यों से दावा आपत्ति 10 नवंबर तक मंगाया गया है। किसी सदस्य को आपत्ति होने पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ दावा आपत्ति ब्रजेन्द्र धर शर्मा प्रबंधक/सदस्य को कार्यालयीन समय पर समिति कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। सूची पर प्रस्तुत आपत्तियों का निराकरण समिति कार्यालय में 11 नवम्बर 2025 को प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। साथ ही उपान्तरित सूची को अंतिम मतदाता सूची के रूप में प्रकाशित किया जाएगा।

### नवविवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना और अवैध संबंध का आरोप, परिजनों ने की कार्रवाई की मांग**

कोरबा। जिले के सीएसईबी पुलिस चैकी क्षेत्र अंतर्गत मानस नगर बस्ती में 21 सितंबर को एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में गुरुवार को मृतका के परिजन एसपी कार्यालय पहुंचे और ससुराल पक्ष के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। परिजनों ने दहेज प्रताड़ना और दामाद के अवैध संबंधों के चलते आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। मृतका यामिनी विश्वकर्मा (25 वर्ष) जांजगीर-चांपा जिले के अकलतरा अमोरा गांव की निवासी थी। उसकी शादी 17 मई 2023 को मानस नगर निवासी अनिल विश्वकर्मा से हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी के शुरुआती कुछ महीने सब ठीक रहा, लेकिन धीरे-धीरे हालात बिगड़ने लगे। परिजनों के अनुसार, यामिनी के ससुराल वाले लगातार दहेज में 2 लाख रुपए की मांग कर रहे थे। विरोध करने पर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। मृतका की मां श्वेता विश्वकर्मा ने बताया कि तीज के मौके पर जब बेटी मायके आई थी, तब उसने बताया था कि ससुराल वाले उसे दहेज के लिए परेशान कर रहे हैं और उसका पति किसी अन्य शादीशुदा महिला के साथ संबंध में है।

# निगम में हुआ वंदे मातरम कार्यक्रम का आयोजन

**महापौर, सभापति सहित एम.आई.सी.सदस्यों, पार्षदों व अधिकारी कर्मचारियों ने सुना प्रधानमंत्री का उद्बोधन, वंदे मातरम का किया गया सामूहिक गायन**



**कोरबा,** नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में वंदे मातरम कार्यक्रम का आयोजन किया गया, वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ पर आधारित कार्यक्रम का देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए शुभारंभ के लाईव प्रसारण में शामिल होते हुए महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, एम.आई.सी.सदस्य हितानंद अग्रवाल सहित निगम के मेयर इन काउंसिल के सदस्यों, पार्षदों व अधिकारी कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का संबोधन सुना, साथ ही इस मौके पर समस्त उपस्थितजनों के द्वारा वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया।

वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ पर आधारित कार्यक्रम का शुभारंभ देश की राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा किया गया, जिसका लाईव प्रसारण हुआ। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में वंदे मातरम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, मेयर इन काउंसिल सदस्य श्री हितानंद अग्रवाल सहित निगम के एम.आई.सी.सदस्यों, पार्षदों, जनप्रतिनिधियों व अधिकारी कर्मचारियों ने लाईव प्रसारण कार्यक्रम में सम्मिलित होते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए गरिमापूर्ण उद्बोधन का श्रवण किया। इस मौके पर निगम में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित समस्तजनों के द्वारा वंदे मातरम का सामूहिक गायन भी किया गया।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को दी बधाई- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ पर आधारित कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ के इस महान अवसर की देशवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी, उन्होने अपने गरिमापूर्ण उद्बोधन में कहा कि वंदे मातरम एक मंत्र है, एक ऊर्जा है, एक संकल्प है। वंदे मातरम का एक-एक शब्द माँ भारती की साधना है, माँ भारती का आराधना है। उन्होने कहा कि वंदे मातरम हमारे वर्तमान को आत्मविश्वास से भर देता है और भविष्य के संकल्प को मजबूत बनाता है, वंदे मातरम हमे संदेश देता है कि ऐसा कोई भी लक्ष्य नहीं जो हम भारतवासी प्राप्त न कर सकें। उन्होने कहा कि वंदे मातरम का यह गीत सम्पूर्ण देश को स्पंदित करता है, हम देशवासियों को नई ऊर्जा से भर देता है।

निगम कार्यालय साकेत में आयोजित वंदे मातरम कार्यक्रम में मेयर इन काउंसिल सदस्य हितानंद अग्रवाल, धनकुमारी गर्ग, उर्मिला राठौर, ममता यादव, सरोज शांडिल्य, अजय गोंड़, भानुमति जायसवाल, अजय कुमार चन्द्रा, पार्षद धनश्री साहू, लक्ष्मण श्रीवास, सत्येन्द्र दुबे, पंकज देवांगन, राकेश वर्मा, युगल कैवर्त्य, ईश्वर पटेल, चेतनसिंह मैत्री, प्रीति दिनेश शर्मा, सुषमा रामशंकर साहू, सुखविंदर कौर, रूकमणी नायर, सुशील गर्ग, दीपक यादव, निगम के उपायुक्त नीरज कौशिक, बी.पी.त्रिवेदी, पवन वर्मा, लेखाधिकारी भवकांत नायक, जोन कमिश्नर एन.के.नाथ, सुनील टांडे, राकेश मसीह, तपन तिवारी, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, कार्यालय अधीक्षक अरविंद वानखेड़े, मनीष दुबे, अरविंद सिंह, हेमंत गभेल, अजय शुक्ला, आनंद दुबे, अरूण मिश्रा, दिनेश शर्मा, अजय साहू, उत्तम साहू, सरस देवांगन, दिवाकांत जायसवाल, अरूण वर्मा सहित निगम के समस्त अधिकारी कर्मचारियों ने उपस्थित रहकर वंदे मातरम के सामूहिक गायन में भाग लिया।

# कोरबा : फ्लाई एश और यातायात व्यवस्था पर समन्वय बैठक

**स्थायी समाधान की दिशा में कलेक्टर कार्यालय में हुई विस्तृत चर्चा**

कोरबा संवाददाता।



माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर में विचाराधीन प्रकरण एवं पारित आदेश दिनांक 29 अक्टूबर 2025 के अनुपालन में कलेक्टर कार्यालय के नवीन सभाकक्ष में फ्लाई एश, कोयले के परिवहन, निपटान, यातायात अवरोध तथा सड़क रखरखाव से संबंधित समस्याओं के स्थायी एवं क्रियान्वयन योग्य समाधान हेतु बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रभारी कलेक्टर श्री आशुतोष पांडेय एवं अपर कलेक्टर श्री देवेंद्र पटेल की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, पुलिस विभाग, पर्यावरण संरक्षण मंडल, परिवहन विभाग सहित एसईसीएल, बालको, अडानी एवं एनटीपीसी जैसे औद्योगिक उपक्रमों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

प्रभारी कलेक्टर एवं निगमायुक्त श्री पांडेय ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं उपक्रम प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए फ्लाई एश परिवहन, सड़क मरम्मत, पार्किंग व्यवस्था तथा यातायात सुगमता सुनिश्चित करने के लिए समन्वित एवं प्रभावी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक संस्था अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन तत्परता से करे, जिससे क्षेत्रवासियों को सुगम यातायात की सुविधा मिल सके और पर्यावरण प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हो। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि गौ माता चैक एवं रिसदी चैक के आसपास सड़क मरम्मत का कार्य प्रगति पर है। बालको प्रबंधन द्वारा बताया गया कि बजरंग चैक से परसाभाठा चैक तक सड़क रिपेयरिंग कार्य जारी है तथा दर्री ध्यानचंद चैक से बजरंग चैक तक टू-लेन सड़क निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ है।

अडानी प्रबंधन ने बताया कि मुख्य द्वार से भीतर की ओर पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है, जिससे धूल नियंत्रण और यातायात सुचारू बनाया जा सके। एसईसीएल को राख परिवहन व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस विभाग ने यातायात नियंत्रण हेतु आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किए, वहीं एनटीपीसी को भी यातायात सुधार एवं पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। प्रभारी कलेक्टर ने कहा कि सभी विभागों एवं उपक्रमों के संयुक्त प्रयासों से ही सड़क रखरखाव, परिवहन नियंत्रण एवं धूल-प्रदूषण की समस्या का स्थायी समाधान संभव है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए एवं प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता बनाए रखी जाए।

बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री ओंकार यादव, सीएसपी श्री भूषण एक्का, पर्यावरण संरक्षण मंडल के कार्यपालन अभियंता श्री सोनकर, परिवहन अधिकारी, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, नगर निगम के प्रतिनिधि एवं विभिन्न औद्योगिक उपक्रमों के अधिकारी उपस्थित थे।

## युकियुक्त करण से शिक्षकों की विशेषज्ञता का लाभ सही रूप में पहुँच रही विद्यार्थियों तक

**मिडिल स्कूल लैंगा में शिक्षक गोरेलाल के आने से बच्चों की हिंदी विषय की पढ़ाई में रमा मन**

**गद्य, पद्य व्याकरण, साहित्य, विषय के हर पहलू को सहजता से उतार देते है बच्चों के मन में**

**कोरबा।** प्रदेश सरकार की युक्तियुक्त करण की नीति छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की दिशा में सार्थक प्रयास है। प्रकिया के तहत पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लैंगा में हिंदी विषय के शिक्षक श्री गोरेलाल कंवर की पदस्थापना हुई है। विद्यालय में उनके आने से हिंदी विषय बच्चों को रोचक और प्रेरणादायक लगने लगा है।

श्री कंवर का शिक्षण शैली इतनी रोचक, जीवंत और प्रभावशाली है कि बच्चों का मन हिंदी विषय में रम गया है। चाहे कविता हो या गद्य, व्याकरण हो या साहित्य , वे हर पहलू को नाट्य रूपांतरण, संवाद, कहानी, गीत, या रचनात्मक शिक्षण शैली के माध्यम से बच्चों के मन में उतार देते हैं। कक्षा 8वीं में जब उन्होंने तैमूर लंग के आक्रमण से संबंधित गद्यांश पढ़ाया और मंचन के जरिए तैमूर और एक नन्हे बालक के संवाद को प्रस्तुत किया, तब बच्चों की आँखों में जिज्ञासा की चमक साफ दिखाई दी। इससे बच्चे इतिहास को अनुभव कर पाए। बच्चों को हिंदी की रस, छंद, अलंकार जैसे व्याकरण के अंश सरल लगने लगे हैं। साथ ही हिंदी साहित्य का इतिहास और व्याकरण के नियम की उन्हें गहनता से समझ आ रही है। कक्षा 8वीं के छात्र-छात्राएं-अनुसुइया, अंश, रश्मि, कल्पना, महिमा और लवकेश जैसे बच्चों ने बताया कि अब उन्हें हिंदी विषय पढ़ना मनोरंजन और ज्ञान का स्त्रोत लगता है।

## मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों का किया गया निरीक्षण

**कोरबा। कलेक्टर अजीत वसंत के** मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के द्वारा लगातार जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा उप स्वास्थ्य केन्द्रों के सुदृढ़ीकरण हेतु निरीक्षण किया जा रहा है।

इसी कड़ी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा रानी धनराज कुंवर देवी शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा,शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर इमलीडुग्गू, सीतामणी तथा 15 ब्लाक का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होने धिकारियों/कर्मचारियों का उपस्थिती रजिस्टर, ओ.पी.डी., आई.पी.डी, प्रसव कक्ष, दवा वितरण कक्ष, दवा भंडार कक्ष पैथोलॉजी कक्ष तथा वैक्सीनेषन कक्ष का निरीक्षण किए। उन्होंने दवाईयों की उपलब्धता, उपकरणों तथा दस्तावेजों का सही रखरखाव पर ध्यान देने , सभी स्वास्थ्यगत व्यवस्थाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए कार्यों की गुणवत्ता में वृद्धि करने, विद्युत व्यवस्था अच्छी रखने, अस्पताल तथा अस्पताल परिसर की साफ सफाई रखने के निर्देष दिये। समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में एन.सी.डी, सिकलसेल, आयुष्मान भारत किषोर स्वास्थ्य क्लीनिक इत्यादि समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों का संचालन बेहतर ढ़ग से संचालित करने तथा समस्त कार्यक्रमों की रिपोर्टिंग समय पर आनलाईन तथा आफ्लाईन करने को निर्देश दिए।

## कोरबा जिले के स्कूलों में हुई अब एक नई सुबह की शुरुआत

**हाई और हायर सेकंडरी स्कूलो में लगा अखबार स्टैंड**



**कोरबा,** जिले के स्कूलों में अब एक नई सुबह की शुरुआत होती है-हाथों में किताबों के साथ-साथ अखबार भी। यह बदलाव आया है जिला प्रषासन की पहल से, जिन्होंने विद्यार्थियों को समसामयिक घटनाओं से जोड़ने और करियर निर्माण में सहयोग देने के उद्देश्य से एक अभिनव कदम उठाया है। उन्होंने डीएमएफ फंड से सभी हाई और हायर सेकंडरी स्कूलों में न्यूज़ पेपर स्टैंड लगवाया है।

पहले स्कूलों में बच्चे केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित रहते थे। लेकिन अब जब वे स्कूल के गेट से भीतर प्रवेश करते हैं, तो सबसे पहले न्यूज़ पेपर स्टैंड में सजे अखबारों पर उनकी नज़र जाती है। देश-दुनिया, राज्य और अपने जिले की खबरें पढ़ते हुए उनमें एक नई जिज्ञासा, नई दृष्टि और आत्मविश्वास का संचार होता है।पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के दूरस्थ ग्राम लेंगी के हाई स्कूल की छात्रा समीना कहती है कि ÷अब हमें सिर्फ किताबों से ही नहीं, बल्कि अखबार से भी बहुत कुछ सीखने को मिलता है। देश-विदेश की खबरें पढ़कर समझ आता है कि बाहर की दुनिया कितनी बड़ी है और हम उसमें क्या बन सकते हैं।समीना की सहपाठी सोनी मार्को और कल्याणी भी हर सुबह स्टैंड पर लगे अखबार को पढ़ती हैं। वे बताती हैं कि इससे उन्हें परीक्षा की तैयारी में मदद मिलती है और उनका सामान्य ज्ञान भी बढ़ता है।वहीं, कोरबा ब्लॉक के ग्राम अजगरबहार के हायर सेकंडरी स्कूल में 12वीं की छात्रा आरती, ममता, सुनीता और लक्ष्मनिया बताती हैं कि हम कॉलेज की पढ़ाई करना चाहती हैं। अखबार पढ़कर हमें पता चलता है कि आगे कौन-कौन से कोर्स हैं, कौन-से कॉलेज अच्छे हैं और देश में क्या नई योजनाएं चल रही हैं। यह हमारे लिए बहुत उपयोगी है।÷इस छोटे से प्रयास ने ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के विद्यार्थियों में जागरूकता, आत्मविश्वास और भविष्य की सोच को जगाया है।'' अब सुबह की घंटी सिर्फ स्कूल शुरू होने का संकेत नहीं देती वह यह भी बताती है कि ज्ञान का नया द्वार खुल चुका है।जिला प्रशासन की यह पहल कोरबा जिले के विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ विचार और दृष्टिकोण की समृद्धि भी दे रही है। यह कहानी बताती है कि अगर अवसर और संसाधन सही दिशा में लगाए जाएं, तो हर बच्चे में समाज को बदलने की ताकत होती है। यह केवल अखबार पढ़ने की पहल नहीं है, यह भविष्य पढ़ने की शुरुआत है।

# कलश यात्रा से प्रारंभ हुआ भव्य आयोजन

संवाददाता



देवउठनी एकादशी 1 नवम्बर 2025 को भव्य कलश यात्रा के साथ महोत्सव का शुभारंभ हुआ। सुबह 9 बजे आरंभ हुई इस कलश यात्रा में नगर की सैकड़ों मातृशक्तियों ने सिर पर कलश रखकर नगर भ्रमण किया। श्री शिव मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई माँ सर्वमंगला घाट पहुँची, जहाँ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापना और ज्योत प्रज्वलन किया गया। इसके साथ ही महायज्ञ का शुभारंभ हुआ।

**वैदिक हवन और भजन-कीर्तन में शामिल हुए श्रद्धालु** - 2,3 और 4 नवम्बर को यजमानों ने वैदिक विधि से वेदी पूजन, हवन और यज्ञ में आहुतियाँ अर्पित कीं। श्रद्धालुओं ने घाट पर पहुँचकर पुण्यलाभ अर्जित किया। संध्या को दीपदान और भजन-कीर्तन से घाट का वातावरण भक्तिमय हो गया।

**देव दीपावली पर दीये की रोशनी से जगमगाया हसदेव घाट** - 5 नवम्बर को देव दीपावली पर्व के अवसर पर माँ हसदेव की आराधना और दीपोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। सुबह 9 बजे से हवन पूर्णाहुति और सहस्त्रधारा संपन्न हुई। सायं 5रू30 बजे से आरंभ हुए दीपोत्सव में हजारों श्रद्धालुओं ने दीपदान किया और हजारों दीपों से हसदेव घाट आलोकित हुआ। घाट पर आकर्षक रंगोली सजाई गई। मंच पर श्री राम बालक दास महात्यागी जी, कौशिल्या धाम, बालोद के सान्निध्य में मुख्य यजमान के रूप में जुड़ावन सिंह ठाकुर (उपाध्यक्ष, विद्या भारती, मध्य क्षेत्र) और विशिष्ट यजमानों के रूप में श्रीमती संजू देवी राजपूत (महापौर, नगर पालिक निगम, कोरबा), श्री धीर सिंह पवैया (संयोजक, पर्यावरण गतिविधि, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मध्य क्षेत्र), देवेन्द्र पाण्डेय (पूर्व अध्यक्ष, अपेक्स बैंक), बसंत अग्रवाल (समाजसेवी, रायपुर), शुभम कुमार नाग (प्रदेश संयोजक, बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद, छ.ग.), ज्योति पाण्डेय (शिवशक्ति माँ भवानी मंदिर, कोरबा), डॉ. अन्नपूर्णा बोर्डे (अध्यक्ष, आईएमए, कोरबा), योगेश जैन (अध्यक्ष, जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, कोरबा), संतोष दास महंत (जिलाध्यक्ष, संयुक्त मानिकपुरी पनिका समाज, कोरबा), राजेन्द्र प्रसाद तिवारी (अध्यक्ष, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन कोरबा), अरूण कुमार शर्मा (अध्यक्ष, पीठ परिषद, कोरबा), श्रीमती भारती अरोरा (अधिवक्ता, कोरबा) का आगमन हुआ।

इसके उपरांत मंचस्थ अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात् कार्यकारी अध्यक्ष रणधीर पाण्डेय ने नमामि हसदेव के उद्देश्यों और पूर्व में आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी दी। उद्बोधन की श्रृंखला में मुख्य यजमान जुड़ावन सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि पर्यावरण का संरक्षण आज के समय की मांग है। नमामि हसेदव सेवा समिति द्वारा कम समय में भव्य आयोजन की तैयारी की गई। इसके लिए समिति बधाई की पात्र है। कोरबा के संपूर्ण विकास के आधार हसदेव नदी के प्रदूषण को कम करने का प्रयास सराहनीय है।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि नमामि हसदेव सेवा समिति के द्वारा जो कार्य किया जा रहा है, वह सराहनीय और प्रेरणादायी है। वर्तमान में आप जिस स्थान पर आज बैठे हैं, उस स्थान पर कभी खड़े होने तक की जगह नहीं हुआ करती थी। नमामि हसदेव सेवा समिति के द्वारा इस स्थान पर विद्यमान गड्ढों में मिट्टी डलवाकर समतलीकरण कराया गया, जिसके कारण आज यहां भव्य आयोजन संभव हो सका। नगर पालिक निगम नमामि हसदेव सेवा समिति के कार्यों में हरसंभव सहयोग करेगी।

## सड़क सुधार से बढ़ी रफ्तार : लोक निर्माण विभाग कोरबा ने शुरू किया मार्ग मरम्मत अभियान

कोरबा।

शासन के मंशानुरूप एवं उपमुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत जिले की सभी क्षतिग्रस्त सड़कों में सुगम आवागमन सुनिश्चित करने हेतु माह दिसम्बर 2025 तक मरम्मत कार्य पूर्ण कराए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उक्त निर्देशों के पालन में लोक निर्माण विभाग, कोरबा द्वारा जिले की खराब एवं क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दी गई है। हाल ही में हुई वर्षा के दौरान कई मार्गों की स्थिति खराब हो गई थी तथा सड़कों पर गड्ढे बनने से यातायात प्रभावित हो रहा था। विभाग द्वारा बरसात के दौरान डब्ल्यू.एम.एम. के माध्यम से निरंतर अस्थायी मरम्मत कार्य किया गया था। अब बरसात समाप्त होने के पश्चात उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में व्यापक मरम्मत कार्ययोजना तैयार कर कार्यों को गति दी जा रही है।

वर्तमान में कोटमी पसान-कटघोरा मार्ग पर पेच रिपेयर का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही कोरबा-उरगा मार्ग (गौमाता चैक) पर भी मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। अन्य प्रमुख मार्गों पर भी शीघ्र ही मरम्मत कार्य प्रारंभ किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग संभाग कोरबा के कार्यपालन अभियंता श्री जी. आर. जांगड़े ने बताया किविभाग का लक्ष्य निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण पेच रिपेयर कार्य पूर्ण करना है। यह मरम्मत अभियान जिले के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी।लोक निर्माण विभाग कोरबा द्वारा की जा रही यह पहल जिले की सड़क व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं नागरिकों को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

## राज्यपाल रमेन डेका ने विद्यार्थियों और लखपति दीदियों को किया सम्मानित



**रायपुर।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज यहां राजभवन में खैरगढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के गोद ग्राम-सोनपुरी के उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों एवं लखपति दीदियों को सम्मानित किया। राज्यपाल ने उन्हें अपने हाथों से प्रमाण पत्र दिया। श्री डेका ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत विभिन्न कौशल क्षेत्रों में प्रशिक्षण ले रहे विद्यार्थियों से बातचीत कर उन्हें अच्छे से अध्ययन करने और स्किल सीख कर आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने लखपति दीदियों से चर्चा कर उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। लखपति दीदियों ने जैविक खेती, ड्रोन के माध्यम से किये जा रहे कार्यो की जानकारी दी।

सम्मान समारोह में राज्यपाल के गोदग्राम सोनपुरी के विद्यार्थी खुसाल वर्मा, कपिल वर्मा, टोपसिंग, पिमला वर्मा, खुशी, प्रिया वर्मा, पूजा, विनीता यादव को प्रमाण पत्र दिया गया। साथ ही जैविक कृषि सखी श्रीमती राधा वर्मा, ड्रोन दीदी श्रीमती सवित्री साहू, स्वच्छग्राही श्रीमती गोदावरी और निता वर्मा को सम्मान प्रमाण पत्र दिया गया।

## गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए सिंचाई परियोजनाओं के कार्य में लाएँ गति: मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने प्रदेश में संचालित सभी निर्माणाधीन एवं प्रगतिरत सिंचाई परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिए कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपन्न हों तथा निर्माण कार्यों की गति में तेजी लाई जाए। मुख्यमंत्री श्री साय ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश देते हुए कहा कि जल संसाधन परियोजनाएँ प्रदेश के सर्वांगीण विकास की धुरी हैं। उन्होंने कहा कि जनता को स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता और कृषि कार्यों के लिए पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु सिंचाई परियोजनाओं का निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण होना अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी निर्माणाधीन एवं प्रगतिरत सिंचाई परियोजनाओं के कार्यों में गति लाने के स्पष्ट निर्देश दिए। बैठक में जल संसाधन विभाग के सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो ने मुख्यमंत्री को पावर पॉइंट प्रेज़ेंटेशन के माध्यम से प्रदेश की निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद सहित जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## एनटीपीसी सीपत ने गौरव और नवऊर्जा के साथ मनाया एनटीपीसी लिमिटेड का 51वां स्थापना दिवस



**रायपुर ।** एनटीपीसी सीपत में देश की सबसे बड़ी विद्युत उत्पादक कंपनी, नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड का 51वां स्थापना दिवस उत्साह, गर्व और उल्लास के साथ मनाया गया। समारोह की शुरुआत कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख विजय कृष्ण पाण्डेय को केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान करने से हुई। तत्पश्चात् उन्होंने एनटीपीसी ध्वज फहराकर स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में पाण्डेय ने एनटीपीसी के गौरवशाली 50 वर्षों की यात्रा को स्मरण करते हुए सभी कर्मचारियों को 51वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी लिमिटेड आज देशभर में लगभग 108 विद्युत स्टेशनों के माध्यम से करीब 85,000 मेगावाट की स्थापित क्षमता के साथ कार्य कर रही है और देश के हर चौथे बल्ब को रोशन करने में अग्रणी भूमिका निभा रही है। परियोजना प्रमुख ने छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी 2,980 मेगावाट की सीपत सुपर थर्मल पावर परियोजना की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि निर्माणाधीन 800 मेगावाट की स्टेज-3 इकाई का कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी सीपत न केवल विद्युत उत्पादन में बल्कि नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व, पर्यावरण संरक्षण और नवाचार के क्षेत्रों में भी सराहनीय योगदान दे रही है। स्थापना दिवस के अवसर पर एनटीपीसी सीपत द्वारा पर्यावरण संरक्षण और हरित भारत के लक्ष्य को साकार करने के उद्देश्य से एक विशेष पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत एक ही दिन में कुल 4,000 पौधे लगाए गए, जिनमें से 2,000 पौधे ग्राम करमा में तथा 2,000 पौधे परियोजना परिसर में रोपे गए। इसी अवसर पर 160 किलोवाट क्षमता के रूफटॉप सोलर पैनल का भी शुभारंभ किया गया, जो हरित ऊर्जा के क्षेत्र में एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके साथ ही हाल ही में मनाए गए सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि ने एनटीपीसी सीपत की सफलता में सहयोग दे रहे केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, संगवारी महिला समिति, विभिन्न यूनियन एवं एसोसिएशन, बाल भारती पब्लिक स्कूल, संस्कृति क्लब, वैशाली क्लब, स्टेट बैंक ऑफइंडिया, डाकघर, इंडियन कॉफी हाउस तथा अन्य सहयोगी संस्थाओं के समर्पित योगदान की सराहना की और सभी को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी, यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से केक काटकर स्थापना दिवस का उत्सव मनाया। समारोह का समापन एनटीपीसी के थीम रंगों से सजे रंग-बिरंगे गुब्बारों के आकाश में उड़ान भरने के साथ हुआ, जिसने उत्साह और एकता का सुंदर संदेश दिया। इसके पश्चात् कर्मचारियों ने एनटीपीसी के इंजीनियरिंग ऑफिस कॉम्प्लेक्स, नोएडा में आयोजित केंद्रीय स्थापना दिवस समारोह का सीधा प्रसारण देखा, जहां एनटीपीसी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह ने समस्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी।

# बैगा गुनिया हड़जोड़ सम्मान के लिए चिन्हित व्यक्तियों को मिलेगी प्रति वर्ष 5 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि



**रायपुर ।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की घोषणा के अनुरूप अनुसूचित जनजाति वर्ग के बैगा, गुनिया एवं हड़जोड़ के चिन्हित व्यक्तियों को प्रति वर्ष 5,000 रुपए की सम्मान सह-प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इस योजना को 'मुख्यमंत्री बैगा गुनिया हड़जोड़ सम्मान योजना (अनुसूचित जनजाति) वर्ष 2025' के नाम से जाना जाएगा। योजना के संबंध में 6 नवम्बर को आदिम जाति विकास विभाग द्वारा विस्तृत अधिसूचना जारी की गई है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के जनजातीय बाहुल्य ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत रूप से वनौषधीय चिकित्सा संबंधी कार्यों में संलग्न बैगा, गुनिया एवं हड़जोड़ लोगों की परंपरागत वनौषधीय चिकित्सा पद्धति को प्रोत्साहित करने और उनके सेवा एवं योगदान को मान्यता देने के उद्देश्य से, जनजातीय गौरव दिवस 15 नवम्बर 2024 के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा प्रति चिन्हित व्यक्ति को प्रतिवर्ष 5,000 रुपए की सम्मान सह-प्रोत्साहन निधि प्रदान करने की घोषणा की गई थी। आदिम जाति विकास विभाग द्वारा जारी अधिसूचना में उल्लेखित है कि 'मुख्यमंत्री बैगा, गुनिया-हड़जोड़ सम्मान योजना' का उद्देश्य जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के अंतर्गत परंपरागत रूप से वनौषधियों के ज्ञान में दक्ष बैगा, गुनिया और हड़जोड़ व्यक्तियों के पारंपरिक ज्ञान को संरक्षित करना, उसे आगामी पीढ़ियों तक हस्तांतरित करना और उनके वनौषधीय चिकित्सकीय अनुभवों का अभिलेखीकरण कर उनकी आजीविका एवं सेवा को सुदृढ़ बनाना है। अधिसूचना में यह भी उल्लेख किया गया है कि जनजाति समाजों में वनौषधीय चिकित्सा संबंधी अनुभव परिवारों में पीढ़ी-दर-पीढ़ी हस्तांतरित होते हैं। अनुसूचित क्षेत्रों के ग्रामों में ऐसे बैगा, गुनिया एवं हड़जोड़ व्यक्ति जो विगत तीन वर्षों से वनौषधीय चिकित्सा सेवा कार्य में संलग्न हैं, उन्हें संरक्षित करने और सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिवर्ष 5,000 रुपए की सम्मान राशि प्रदान की जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित जनजाति वर्ग के स्त्री, पुरुष एवं तृतीय लिंग (ट्रांसजेंडर) व्यक्ति, जो बैगा, गुनिया या हड़जोड़ के रूप में कम से कम 30 वर्षों से अपने स्थानीय क्षेत्र में सेवाएँ दे रहे हैं तथा जिनके परिवार में कम से कम दो पीढ़ियों से वनौषधीय चिकित्सा का ज्ञान स्थानांतरित हुआ है, पात्र माने जाएंगे। साथ ही, जो व्यक्ति पादप औषधि बोर्ड, आयुष विभाग, वन विभाग या लघु वनोपज संघ जैसी पंजीकृत संस्थाओं से जुड़े हुए हैं, उनका चयन निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ग्राम स्तर पर किया जाएगा। ग्राम सभा एवं ग्राम पंचायत द्वारा प्रेषित नामों की अनुशंसा ग्राम स्तर पर ग्राम सचिव, सरपंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन तथा प्राथमिक अथवा माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक द्वारा अनुमोदित की जाएगी। इस अनुशंसा के आधार पर संबंधित जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास स्तर पर गठित समिति – जिसमें संबंधित जनपद अध्यक्ष, अनुसूचित जनजाति वर्ग के एक जनपद सदस्य, मुख्य कार्यपालन अधिकारी (जनपद पंचायत) एवं मंडल संयोजक शामिल होंगे – द्वारा अनुशंसित नामों का परीक्षण और सत्यापन किया जाएगा। सत्यापित सूची आयुक्त, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास कार्यालय को प्रेषित की जाएगी।

समिति द्वारा किसी मान्यता प्राप्त संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त सदस्यों का विशेष रूप से उल्लेख किया जाएगा। ग्राम सभा/ग्राम पंचायत से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर तथा जनपद स्तर पर गठित समिति की अनुशंसा के उपरांत सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास द्वारा कलेक्टर से अनुमोदन प्राप्त कर प्रस्ताव आयुक्त, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास को भेजा जाएगा। प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार जिलों को आवश्यक धनराशि का आबंटन किया जाएगा। तत्पश्चात सहायता राशि का वितरण जिला कलेक्टर द्वारा किया जाएगा तथा सम्मान निधि प्राप्त व्यक्तियों की सूची संबंधित ग्राम सभा में सार्वजनिक रूप से पढ़ी जाएगी। छत्तीसगढ़ की जनजातीय परंपराएं हमारे सांस्कृतिक वैभव और प्राचीन ज्ञान का जीवंत प्रतीक हैं। बैगा, गुनिया और हड़जोड़ हमारे समाज के वे सम्मानित जन हैं, जिन्होंने सदियों से वनौषधीय चिकित्सा की लोकपरंपरा को जीवित रखा है। उनकी इस अनमोल सेवा और ज्ञान को सम्मान देने के लिए राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री बैगा गुनिया हड़जोड़ सम्मान योजना प्रारंभ की है। इस योजना के माध्यम से हम न केवल उनके योगदान को मान्यता दे रहे हैं, बल्कि उनकी परंपरागत चिकित्सा प्रणाली को संरक्षित करते हुए आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का संकल्प भी निभा रहे हैं।

## भाठागांव में प्रीमियम अंग्रेजी शराब दुकान के विराध में उतरे लोग

**रायपुर ।** राजधानी रायपुर के भाठागांव इलाके में शुक्रवार को नव-निर्मित प्रीमियम अंग्रेजी शराब दुकान के उद्घाटन का विरोध करने के लिए स्थानीय पार्षद अपने समर्थकों के साथ पहुंच गए। पार्षद ने आबकारी विभाग चेतावनी दी है कि अगर प्रशासन ने नई शराब दुकान शुरू की, तो वे आंदोलन करेंगे और दुकान खुलने नहीं देंगे। भाठागांव क्षेत्र के नगर माता बिन्नी बाई स्कूल के समीप आबकारी विभाग द्वारा एक प्रीमियम अंग्रेजी शराब दुकान खोलने जा रही है। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने इस निर्णय का कड़ा विरोध शुरू कर दिया है। वहीं शुक्रवार को पार्षद तथा स्थानीय लोग वहां शराब दुकान को विरोध करने पहुंच गये। इस दौरान लोगों ने कहा कि यहां पहले से ही देशी दारू की दुकान है, जिससे हर दिन स्कूल जाने वाले बच्चों और महिलाओं को परेशानी होती है। अब और नई दुकान खोलने से यहां का माहौल खराब होगा। जिसे लेकर स्थानीय नागरिकों में गहरा आक्रोश है। विरोध के दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, महिलाएं और युवाओं ने भी पार्षद का समर्थन किया। सभी ने एक सुर में कहा कि भाठागांव एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है, जहां स्कूल, मंदिर और बाजार मौजूद हैं। ऐसे में शराब दुकान खोलना सामाजिक वातावरण को बिगाड़ने वाला कदम है। प्रदर्शन के दौरान पार्षद और नागरिकों ने नारेबाजी करते हुए प्रशासन से तत्काल दुकान खोलने की प्रक्रिया को रोकने की मांग की।

## चिकित्सकों के लिए मानव स्वास्थ्य सेवा से बढ़कर, कोई खुशी और आनंद नहीं – उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

### बस्तर संभाग के संवेदनशील ग्रामों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में उप मुख्यमंत्री, विधायक ने की चिकित्सकों से चर्चा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा अपने संक्षिप्त एक दिवसीय प्रवास के दौरान स्व बलिराम स्मृति मेडिकल कॉलेज के चरक सभागार में मेडिकल कॉलेज के अध्ययनरत चिकित्सकों से संवाद करते हुए कहा कि सुरक्षा कैंपों के समीप संवेदनशील ग्रामों में मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर एक नई पहल है, जो चिकित्सकों को बस्तर क्षेत्र की जनता से जुड़ने के साथ एक अनोखा अनुभव प्राप्त करने का अवसर है। हमारे सुझाव को स्वीकार कर कालेज के डीन और उनकी टीम के द्वारा संवेदनशील ग्रामों में एक-दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया इसके लिए बधाई। इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा देने में जो खुशी-आनंद की अनुभूति होगी,ओ पैसा से नहीं खरीदी जा सकती है। यहां चिकित्सकों के अलावा रायपुर के बड़े बड़े चिकित्सकों ने बस्तर संभाग के जिलों में आकर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए। कालेज में तैयार हो रहे नए चिकित्सक भी ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए अपना मनोभाव जरूर बनाएं। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने स्वास्थ्य शिविर में शामिल हुए 18 सदस्यों से परिचय प्राप्त कर उनके कार्य की सराहना की। साथ ही कालेज में अध्ययनरत बस्तर संभाग के चिकित्सकों से भी उनके जिले की जानकारी के साथ परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर जगदलपुर विधायक श्री किरण सिंह देव ने कहा कि सरकार द्वारा बस्तर में शांति बहाली के लिए सराहनीय कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा जनता के बीच बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने की संवेदनशील ग्रामों में मेडिकल शिविर आयोजित करना भी एक नई पहल का स्वागत है। बस्तर मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों का दल जिन्होंने स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया उन्हें बहुत बहुत बधाई। बस्तर जैसे प्राकृतिक सुंदरता वाले इलाके में कला, संस्कृति को जानने-समझने के साथ चिकित्सा सेवा देना एक बेहतरीन अवसर मिला। इस प्रकार के कार्यक्रम में सभी चिकित्सकों को जाना चाहिए, इसका बहुत अच्छा प्रभाव क्षेत्र की जनता को मिलेगा। कार्यक्रम में आई जी श्री सुन्दरराज पी. ने भी चिकित्सकों को बधाई देते हुए आगे की कार्ययोजना पर स्वास्थ्य टीम, मेडिकल कालेज की टीम से चर्चा कर संवेदनशील क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की बात कही।

## धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर होंगे विशेष आयोजन

**रायपुर ।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार इस वर्ष 15 नवम्बर 2025 को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में समूचे देश में जनजातीय गौरव दिवस भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर 1 नवम्बर से 15 नवम्बर 2025 तक जनजातीय गौरव पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश के सभी जिलों में प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि एवं प्रभारी सचिवों की उपस्थिति में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह में जनजातीय संस्कृति, लोककला, व्यंजन, हस्तशिल्प और विकास प्रदर्शनी के साथ-साथ भारत सरकार एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का भी प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रमों में शहीद वीर नारायण सिंह लोक कला महोत्सव एवं उत्तर छत्तीसगढ़ जनजातीय लोक नृत्य महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही आश्रम-छात्रावासों, शासकीय संस्थानों और जनजातीय ग्रामों में प्रभातफेरी, जन-जागरूकता यात्राएँ, वृक्षारोपण, निबंध, वाद-विवाद एवं चित्रकला प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी। जनजातीय नायक-नायिकाओं के जीवन और योगदान पर संगोष्ठियाँ भी होंगी। इस पखवाड़े के दौरान विशेष लाभार्थी संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जनधन खाता, सिकल सेल जांच, स्वास्थ्य परीक्षण, जाति प्रमाणपत्र वितरण, पीएम किसान सम्मान निधि एवं किसान क्रेडिट कार्ड जैसी सेवाएँ प्रदान की जाएँगी। जिले के आदि सेवा केन्द्रों में भी गौरव दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों, जनजातीय समुदाय के प्रमुखों, प्रतिभावान बच्चों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही पी.एम. जनमन, आदि कर्मयोगी तथा धरतीआबा योजनाओं से संबंधित लघु फिल्में प्रदर्शित की जाएँगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का संदेश-पाठ (पाती वाचन) भी किया जाएगा। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर यह आयोजन प्रदेश के आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा, संघर्ष और गौरवगाथा को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का अवसर बनेगा। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती हम सबके लिए गर्व और प्रेरणा का अवसर है। भगवान बिरसा मुंडा ने अपने अदम्य साहस, संघर्ष और त्याग से जनजातीय समाज को स्वाभिमान और स्वतंत्रता का संदेश दिया।

# गौरेला-वेंकटनगर मार्ग में तेजी से चल रहा है बीटी पेच रिपेयर का कार्य

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव की घोषणा के अनुरूप गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के कारीआम-बसंतपुर मार्ग, जो कि जिला मुख्यालय एवं बिलासपुर आवागमन का मुख्य मार्ग है और गौरेला-वेंकटनगर मार्ग मध्य प्रदेश की सीमा से लगा हुआ अंतरराज्यीय मार्ग है। दोनों मार्गों पर बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य तेजी से चल रहा है। यह कार्य लोक निर्माण विभाग पेंड्रा संभाग पेंड्रारोड द्वारा किया जा रहा है।

विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि उक्त दोनों मार्गों में यातायात घनत्व अधिक होने के कारण मार्ग जर्जर हो गया है। जिससे मार्ग में बार-बार डब्ल्यू.एम.एम. पेच से मरम्मत कार्य करना पड़ता है। वर्तमान में मार्ग की पूरी चौड़ाई में डब्ल्यू.एम.एम. 150 एम.एम. मोटाई, बी.एम. 50 एम.एम. मोटाई और एम.एस.एस. 20 एम.एम. मोटाई में पेच रिपेयर के अंतर्गत कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने ने बताया कि चिन्हाकित मार्गों का





मरम्मत 31 दिसम्बर 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित किया गया है। उल्लेखनीय है कि विभागीय मंत्री श्री अरुण साव ने 10 अक्टूबर 2025 को घोषणा की थी कि वर्षा ऋतु के पश्चात सड़कों के रख-रखाव एवं मरम्मत का कार्य शीघ्र ही तेजी से किया जाएगा।



## दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़कपुर रेल मण्डल के शालीमार यार्ड का आधुनिकीकरण का कार्य किया जाएगा

**रायपुर ।** दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़कपुर रेल मण्डल के शालीमार यार्ड का आधुनिकीकरण का कार्य किया जाएगा । यह कार्य दिनांक 13 से 23 नवम्बर, 2025 तक किया जा रहा है । इस कार्य के फ्लस्वरुप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा है, जिसकी जानकारी इस प्रकार है :-

रद्द होने वाली गाडियाँ: 01. दिनांक 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 22 एवं 23 नवम्बर, 2025 को एलटीटी से चलने वाली 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।02. दिनांक 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20 एवं 21 नवम्बर, 2025 को शालीमार से चलने वाली 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।03. दिनांक 12, 13 एवं 19 नवम्बर, 2025 को एलटीटी से चलने वाली 12151 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

04. दिनांक 14, 15 एवं 21नवम्बर, 2025 को शालीमार से चलने वाली 12152 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

बीच में समाप्त होने वाली गाडियाँ :-05. दिनांक 18 नवम्बर, 2025 को एलटीटी से चलने वाली 12101 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस सांतरागाछी स्टेशन ही समाप्त होगी एवं यह गाड़ी सांतरागाछी एवं शालीमार के बीच रद्द रहेगी तथा यह गाड़ी दिनांक 20 नवम्बर, 2025 को 12102 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस ट्रेन सांतरागाछी से ही एलटीटी के लिए रवाना होगी । 06. दिनांक 19 नवम्बर, 2025 को पोरबंदर से चलने वाली 12905 पोरबंदर-शालीमार एक्सप्रेस सांतरागाछी स्टेशन ही समाप्त होगी एवं यह गाड़ी सांतरागाछी एवं शालीमार के बीच रद्द रहेगी तथा यह गाड़ी दिनांक 21 नवम्बर, 2025 को 12906 शालीमार-पोरबंदर एक्सप्रेस ट्रेन सांतरागाछी से ही पोरबंदर के लिए रवाना होगी ।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि., जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)